दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 | अंक: 15 जयपुर, रविवार, 24 दिसंबर, 2023 | मार्गशीर्ष, शुक्ल पक्ष- त्रयोदशी, विसं 2080 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

## जरूरी खबर

### देश में कोविड के 752 नए केस, चार की मौत



**नई दिल्ली।** भारत में बीते 24 घंटे में कोविड-19 के 752 नए मामले दर्ज किए गए और उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर 3,420 हो गई है। मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, बीते 24 घंटे में केरल में दो तथा राजस्थान और कर्नाटक में कोविड-19 से एक-एक मरीज की मौत हुई है। देश में 21 मई 2023 के बाद से एक दिन में सामने आए कोरोना वायरस संक्रमण के ये सबसे अधिक मामले हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, देश में अब तक सामने आए कोविड-19 के मामलों की कुल संख्या 4.50 करोड़ है। देश में बीते 24 घंटे में संक्रमण से चार लोगों की मौत हो गई।

### रोके गए भारतीय विमान के यात्रियों से संपर्क



**पेरिस।** निकारागुआ जा रहे एक विमान को फ्रांसीसी अधिकारियों ने पेरिस के पास एक हवाईअड्डे पर 'तकनीकी ठहराव' के दौरान 'मानव तस्करी' के संदेह के आधार पर रोक लिया। इसमें 303 यात्री सवार थे और इनमें अधिकतर भारतीय थे हैं। इसी के साथ पेरिस स्थित भारतीय दूतावास को अपने नागरिकों तक राजनयिक पहुंच मिल गई है। यूएई से 303 यात्रियों को लेकर यह विमान निकारगुआ जा रहा था। मानव तस्करी के संदेह में मार्ने स्थित शैलन्स वैट्री हवाई अड्डे पर रोक लिया।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए
+91 96640 14179
+91 97830 45155
पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं।

**प्रदेश मौसम:** जयपुर-जोधपुर में हल्की बरसात, बादल छाने से तापमान में हुई बढ़ोतरी, जयपुर में न्यूनतम पारा 13.7 रहा

# घने कोहरे की चपेट में रहा उत्तरी राजस्थान, पारे में आया उछाल

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में मौसम में बदलाव देखने को मिल रहे हैं। मौसम विभाग की माने तो प्रदेश में वेस्टर्न डिस्टर्बेंस का असर शुरू हो गया है। शनिवार सुबह जयपुर व जोधपुर के कई इलाकों में हल्की बारिश हुई।

बादल छाए रहने से न्यूनतम तापमान में 8 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ोतरी देखी गई। राजधानी जयपुर में शनिवार को पारे में बढ़ोतरी देखी गई। यहां न्यूनतम पारा 13.7 रहा, जो शुक्रवार के मुकाबले 4 डिग्री ज्यादा रहा। राजधानी जयपुर के सांगानेर, वाटिका, शिवदासपुरा, चंदलाई, अजमेर रोड के एरिया पर सुबह बादल छाने के साथ हल्की बारिश हुई। सुबह सूरज चढ़ने के बाद मौसम साफ हुआ। 9 बजे बाद कुछ एरिया में हल्की गुनगुनी धूप निकली।

उधर, शनिवार को उत्तरी राजस्थान के कई शहर घने कोहरे की चपेट में रहे। गंगानगर, हनुमानगढ़, बीकानेर, जोधपुर के एरिया में कोहरा छाने से यहां विजिबिलिटी भी 200 से 300 मीटर के बीच रह गई। इससे आम जनजीवन प्रभावित हुआ। बादल छाने के बाद सर्दी से सबसे ज्यादा राहत शेखावाटी के लोगों को मिली। यहां शुक्रवार को न्यूनतम तापमान 2.8 डिग्री सेल्सियस था, जो शनिवार को 8 डिग्री सेल्सियस तक बढ़कर 11 पर पहुंच गया। तापमान के इस बदलाव से यहां के लोगों को गलन और ठिठुरा देने वाली सर्दी से काफी राहत मिली। इसी प्रकार चूरू में न्यूनतम तापमान 8.4 पर रिकॉर्ड हुआ, जो शुक्रवार को 4.2 डिग्री सेल्सियस पर था। पिलानी में भी न्यूनतम तापमान शुक्रवार के मुकाबले चार डिग्री सेल्सियस बढ़कर 8.5 पर पहुंच गया।



### हिमाचल के कई इलाकों में ताजा बर्फबारी

**शिमला (हिमाचल प्रदेश)।** हिमाचल प्रदेश के ऊपरी इलाकों में शनिवार को बर्फबारी हुई। मौसम विभाग ने रविवार से राज्य में मौसम के शुष्क रहने का पूर्वानुमान जताया है। रोहतांग में अटल सुरंग के पास, इसके आसपास के इलाकों और लाहौल-स्पीति के केलांग में भी बर्फबारी हुई। लाहौल-स्पीति का समदो राज्य में सबसे ठंडा रहा, जहां न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 0.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक रहा और सिरमौर का धौलाकुआं 23.1 डिग्री सेल्सियस के साथ दिन के दौरान सबसे गर्म रहा।

### प्रदेश के प्रमुख शहरों का तापमान

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| अजमेर | 26.8 | 12.8 |
| अलवर | 23.5 | 9.1 |
| बाड़मेर | 29.5 | 11 |
| भीलवाड़ा | 27 | 9.8 |
| बीकानेर | 28.6 | 13.5 |
| चित्तौड़गढ़ | 23.8 | 9.8 |
| चूरू | 26.8 | 8.4 |
| जयपुर | 25.6 | 13.7 |
| जैसलमेर | 29.5 | 10 |
| जोधपुर | 30 | 13.9 |
| कोटा | 24.1 | 12.1 |
| पिलानी | 25.4 | 8.5 |

**'मिशन लोकसभा' में जुटी कांग्रेस:** *सचिन पायलट को बनाया छत्तीसगढ़ का प्रभारी*

# कांग्रेस ने युवा कंधों पर सौंपी जिम्मेदारी

**जितेंद्र सिंह को असम और एमपी का प्रभार**

**राजस्थान के प्रभारी बने रहेंगे रंधावा**

**हरीश चौधरी को पंजाब प्रभारी पद से हटाया**

**बेधड़क** | जयपुर

विधानसभा चुनाव में हार के बाद प्रदेश में कांग्रेस अब लोकसभा चुनाव के मिशन पर जुट गई है। पार्टी ने शनिवार को आगामी लोकसभा चुनावों को लेकर प्रदेश प्रभारी महासचिवों की घोषणा की है। सचिन पायलट को कांग्रेस हाईकमान ने छत्तीसगढ़ के प्रभारी के साथ महासचिव की नई जिम्मेदारी दी है।

अब तक पायलट कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य थे। अब उन्हें राजस्थान के बाहर जिम्मेदारी दी गई है। मोहन प्रकाश को बिहार के प्रभारी महासचिव का जिम्मा दिया है। वहीं, हरीश चौधरी को पंजाब प्रभारी के पद से हटा दिया गया है। राजस्थान के सह प्रभारी सचिव रहे देवेंद्र यादव को पंजाब प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई है। कांग्रेस संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने संगठन की नई नियुक्तियों के आदेश जारी किए। इधर, लोकसभा चुनाव प्रभारी महासचिवों में सचिन पायलट व जितेंद्र सिंह का नाम शामिल कर पार्टी ने युवा नेताओं को मुख्यधारा में लाने के संकेत दिए हैं।

-पेज 7 भी देखें



सचिन पायलट



जितेंद्र सिंह



हरीश चौधरी

### पायलट की नई पारी के सियासी मायने

कांग्रेस ने शनिवार को महासचिव व प्रभारियों के नामों की घोषणा की। इसमें सबसे चौंकाने वाला नाम सचिन पायलट का रहा। हालांकि सचिन पायलट पूर्व में भी राष्ट्रीय नेतृत्व के साथ काम कर चुके हैं, लेकिन प्रदेश में कांग्रेस के नेतृत्व परिवर्तन की चर्चाओं के बीच पायलट को प्रदेश से बाहर भेजे जाने को लेकर कई सियासी अटकलों को जन्म दिया है। बताया जा रहा है कि सचिन अब प्रदेश में सक्रिय नहीं रहेंगे। नेता प्रतिपक्ष व प्रदेशाध्यक्ष पद की दौड़ में भी सचिन पायलट का नाम अब पिछड़ सकता है। अंदरखाने में इसको गहलोत व सचिन के बीच पनपे टकराव से जोड़कर देखा जा रहा है। उधर, राजस्थान प्रभारी पद पर सुखजिंदर सिंह रंधावा को बरकरार रखा गया है। राजस्थान चुनाव में हार के बाद रंधावा ने कहा था कि पंजाब की राजनीति पर ध्यान देना है, उन्होंने हाईकमान के सामने बात रख दी है। अब फैसला उन्हें करना है।

### गहलोत पहले से ही अलायंस कमेटी में शामिल

सचिन पायलट को प्रदेश से बाहर काम करने की मिली जिम्मेदारी से पहले पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को नेशनल अलायंस कमेटी की जिम्मेदारी दी जा चुकी है। अशोक गहलोत व सचिन पायलट दोनों को ही प्रदेश से बाहर की जिम्मेदारी दिए जाने के अलग अलग सियासी मायने निकाले जा रहे हैं।

### जल्दी होगी नेता प्रतिपक्ष की नियुक्ति

कांग्रेस के राष्ट्रीय संगठन में ताजा फेरबदल के बाद अब राजस्थान में नेता प्रतिपक्ष के पद पर जल्द नियुक्ति होने के आसार हैं। नेता प्रतिपक्ष के लिए हरीश चौधरी, महेंद्रजीत सिंह मालवीय, राजेंद्र पारीक के नाम दावेदारों में हैं।

### पहली बार मिला महासचिव पद का जिम्मा

कांग्रेस संगठन में नए बदलाव के साथ अब पार्टी महासचिवों की संख्या नौ से बढ़कर 12 हो गई है। राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट पहली बार कांग्रेस महासचिव बने हैं। उन्हें छत्तीसगढ़ का प्रभार भी सौंपा गया है। अब तक महासचिव कुमारी सैलजा छत्तीसगढ़ प्रभारी की जिम्मेदारी निभा रही थीं।

## राष्ट्रपति ने किया पोकरण फील्ड फायरिंग रेंज का दौरा




*जयपुर। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू एक दिवसीय यात्रा पर शनिवार को जैसलमेर पहुंची। एयरफोर्स स्टेशन जैसलमेर पर राष्ट्रपति का राज्यपाल कलराज मिश्र, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। राष्ट्रपति ने जैसलमेर के शहीद पूनम सिंह स्टेडियम में आयोजित 'लखपति दीदी सम्मेलन' में शिरकत की। राष्ट्रपति ने पोकरण का दौरा किया। यहां पर 'फायरपावर' अभ्यास देखा, जिसमें नई पीढ़ी की हथियार प्रणालियों सहित विभिन्न हथियारों द्वारा युद्धाभ्यास शामिल था। टैंक की सवारी करते हुए रेगिस्तानी इलाके में उन्होंने अर्जुन टैंक की शक्ति और युद्ध योग्यता का प्रत्यक्ष अनुभव किया।*

(पेज 2 भी देखें)

**क्यों हो रही है भजन कैबिनेट विस्तार में देरी!**

# सरकार बनने के 11 दिन बाद भी मंत्रिमंडल का गठन नहीं

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में भजन मंत्रिमंडल के विस्तार में देरी पर सवाल उठने लगे हैं। सीएम के शपथ लेने के बाद पार्टी के बड़े नेताओं का बयान भी इस संबंध में नहीं आया है। केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत समेत पार्टी के बड़े नेता चुप्पी साधे हुए हैं, जबकि वसुंधरा कैंप भी पूरी तरह से खामोश है।

सियासी जानकार बड़े नेताओं के चुप्पी की अलग-अलग सियासी मायने निकाल रहे हैं। दूसरी तरफ मंत्रिमंडल के लिए विधायकों की लॉबिंग शुरू हो गई है। जयपुर के साथ-साथ विधायक दिल्ली तक संपर्क साध रहे हैं। वहीं कुछ विधायक ऐसे भी हैं, जो समर्थकों के जरिए अपनी बात पार्टी नेताओं तक पहुंचा रहे हैं। गौरतलब है कि 3 दिसंबर को विधानसभा चुनाव के परिणाम आ गए थे और बीजेपी को विधानसभा में बहुमत मिला है।

### 15 को ली थी शपथ



जीत के बाद बीजेपी आलाकमान ने 12 दिसंबर को सांगानेर से पहली बार विधायक बने भजनलाल शर्मा को मुख्यमंत्री घोषित किया था। 15 दिसंबर को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पद व गोपनीयता की शपथ ली थी, लेकिन 11 दिन बीत जाने के बाद भी अभी तक मंत्रिमंडल का गठन नही किया गया है, जबकि सीएम दो बार दिल्ली जा चुके हैं। उधर, दिल्ली भाजपा मुख्यालय में दो दिवसीय राष्ट्रीय पदाधिकारियों की बैठक का शनिवार को अंतिम दिन था। बैठक में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सीपी जोशी व पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे भी शामिल हुईं। बताया जा रहा है कि इस दौरान दोनों ही नेताओं ने प्रदेश में मंत्रिमंडल गठन को लेकर आला नेताओं से चर्चा की है।

### भाजपा प्रदेशाध्यक्ष आज श्रीकरणपुर में

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी रविवार एवं सोमवार को श्रीगंगानगर जिले के श्रीकरणपुर में दो दिवसीय प्रवास पर रहेंगे। वहां भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में चुनाव प्रचार को गति देते हुए संगठन और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेंगे। दौरे की शुरुआत रविवार को चोहणा धाम हनुमान मंदिर में दर्शन कर कार्यकर्ताओं की बैठक लेंगे। उसके बाद दोपहर 3 बजे धानक मोहल्ला, पदमपुर में युवा सम्मेलन को संबोधित करेंगे। शाम को चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक में शामिल होंगे और वरिष्ठजनों से चर्चा करेंगे।

**एक्शन में भारतीय नौसेना**

# गुजरात से 200 किमी दूर अरब सागर में जहाज पर किया ड्रोन अटैक

- सऊदी अरब से भारत के मंगलौर आ रहा था जहाज
- चालक दल में 21 भारतीय समेत 22 सदस्य हैं शामिल
- हमले में किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं

**एजेंसी।** नई दिल्ली/मुंबई

हमास और इजराइल में जारी जंग के बीच शनिवार को अरब सागर में इजराइल से संबद्ध व्यापारिक जहाज पर ड्रोन से अटैक किया गया। यह हमला गुजरात के वेरावल से 200 किमी दक्षिण पश्चिम में किया गया। जहाज के चालक दल में 21 भारतीय शामिल थे, लेकिन हमले में किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। भारतीय सैन्य सूत्रों ने कहा कि 'यूनाइटेड किंगडम मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस' (यूकेएमटीओ) द्वारा घटना की सूचना दिए जाने के बाद नौसेना के पी-8आई समुद्री गश्ती विमान को जहाज और उसके चालक दल की सुरक्षा के लिए तैनात किया गया। जहाज सऊदी अरब के एक बंदरगाह से कच्चा तेल लेकर मंगलुरु बंदरगाह जा रहा था। जहाज पर सवार चालक दल के 22 सदस्यों में 21 भारतीय हैं जबकि एक नेपाली नागरिक है।




### भारतीय तटरक्षक बल ने जारी किया बयान

भारतीय तटरक्षक बल के एक अधिकारी ने कहा कि कोस्ट गार्ड के डोर्नियर समुद्री निगरानी विमान ने संकटग्रस्त जहाज एमवी केम प्लूटो के साथ कम्युनिकेशन स्थापित किया है। ड्रोन हमले के बाद जहाज ने अपनी स्वचालित पहचान प्रणाली को बंद कर दिया जिसका उपयोग जहाज को ट्रैक करने के लिए किया जा सकता है। जहाज की बिजली उत्पादन प्रणाली अब काम कर रही है और अपने गंतव्य के लिए रवाना होने से पहले अधिक जांच की जा रही है।

### जांच के लिए ICGS विक्रम रवाना

भारतीय नौसेना ने मालवाहक जहाज की सुरक्षा के लिए अपने अग्रिम मोर्चे के युद्धपोत को घटनास्थल पर रवाना कर दिया है। भारतीय तटरक्षक बल का जहाज आईसीजीएस विक्रम भी व्यापारी जहाज की ओर बढ़ रहा है।

### नौसेना का जहाज से हुआ संपर्क

भारतीय नौसेना के अधिकारियों ने यह भी बताया कि नौसेना का व्यापारिक जहाज के साथ संपर्क हो गया है। नौसेना के पी-8आई समुद्री निगरानी विमान ने गोवा में आईएनएस हंसा नौसैनिक हवाई अड्डे से उड़ान भरी और संकटग्रस्त जहाज एमवी केम प्लूटो के साथ संचार स्थापित किया। उन्होंने यह भी कहा कि नौसेना का युद्धपोत जहाज की ओर बढ़ रहा है और अगले कुछ घंटों में व्यापारी जहाज तक पहुंचने की उम्मीद है।

### कई शिपिंग कंपनियों ने आवाजाही रोकी

पूरी दुनिया इस समय लाल सागर के हालात से चिंतित है क्योंकि यूरोप से एशिया तक होने वाला लगभग 40% व्यापार इसी रास्ते से होकर गुजरता है। इसीलिए भारत समुद्री सुरक्षा और स्थिरता पर जोर दे रहा है। लाल सागर में बिगड़ती सुरक्षा स्थिति को देखते हुए दुनिया की सबसे बड़ी कार्गो शिपिंग कंपनियों मेर्स्क, एमएससी और सीजीएम ने इस क्षेत्र में अपनी सर्विसेज को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

## जरूरी खबर

### रेलवे मजदूर संघ के शैक्षणिक शिविर का समापन



**बेधड़क, जयपुर।** उत्तर पश्चिम रेलवे मजदूर संघ जयपुर मंडल का त्रिदिवसीय शैक्षणिक शिविर का शनिवार को समापन किया गया। समापन समारोह में उत्तर पश्चिम रेलवे मजदूर संघ के जोनल अध्यक्ष विनोद मेहता, मजदूर संघ जयपुर मण्डल अध्यक्ष सौरभ दीक्षित मंडल मंत्री महेश चंद शर्मा द्वारा किया है। इस दौरान मंडल अध्यक्ष सौरभ दीक्षित ने बताया किश्रमिकों के अधिकारों, हकों और रेलवे के नियम कानूनों आदि के प्रति जागरूकता लाना होता है। शिविर में वार्ता तंत्र, आवास समिति, रेल सेवा अनुशासन व अपील नियम 1968, अवकाश नियमों सहित संघ के इतिहास रीति नीति व कार्य आदि के बारे में चर्चा की गई।

### सीएम ने विकसित भारत के पोस्टर का किया विमोचन



**बेधड़क, जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत संकल्प का निकायों में भाजपा पार्षदों ने जिम्मा उठा लिया है। ग्रेटर नगर निगम के चेयरमैन और वार्ड 104 के पार्षद अरुण शर्मा भी विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने का प्रण लिया है। उन्होंने इस विकास की यात्रा में समस्त वार्ड वासियों का सहयोग मांगा है। उन्होंने इसके लिए 150 दिन की कार्ययोजना भी बनाई है। इस अविध में वे वार्ड 104 में विकास के समस्त कार्य करवाने की कोशिश करेंगे। उनके संकल्प के पोस्टर का विमोचन शुक्रवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने किया।

**पद संभालने के बाद एक्शन में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री,** जनता के बीच जानी समस्याएं

# सीकर-जयपुर नेशनल हाईवे को मिलेगी ट्रैफिक जाम से मुक्ति

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश के दोनों उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी और प्रेम चंद ने चुनाव के दौरान अपने विधानसभा क्षेत्र के लिए किए गए वायदों को पूरा करने की दिशा में काम शुरू कर दिया है।

दीया कुमारी जहां अपने विधानसभा क्षेत्र विद्याधर नगर के दौरे पर रहीं, वहीं प्रेमचंद बैरवा ने दूदू विधानसभा में आमजन से मुलाकात की। इस दौरान दोनों ही उपमुख्यमंत्री ने मौके पर मौजूद प्रशासनिक अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए और लोगों की समस्याओ के समाधान करने की बात कही। उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने क्षेत्र के हरमाड़ा स्थित विकसित भारत संकल्प क्षेत्र का दौरा किया और सीकर रोड पर लगने वाले जाम के संबंध में अधिकारियों के साथ निरीक्षण भी किया।



### रोड नंबर 14 से हरमाड़ा तक लगता है जाम

दीया कुमारी ने बताया कि सीकर-जयपुर नेशनल हाईवे पर रोड नंबर 14 से लेकर हरमाड़ा तक लम्बा जाम रहता है। जिससे वाहन चालकों को परेशानी आती है। शनिवार को नेशनल हाईवे अथॉरिटी के अधिकारियों के साथ 14 नंबर पुलिया से नींदड मोड़ और टोडी इलाके का भी मौका मुआयना किया। उन्होंने जाम की समस्या को हल करने के लिए फ्लाईओवर और रोड के चौड़ाई बढ़ाने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस मामले में तत्काल प्रभाव से कार्य शुरू किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को सीकर रोड पर हाईवे क्रॉसिंग के समय जाम की समस्या के समाधान, दुर्घटनाओं को रोकने और बारिश के पानी का भराव रोकने के लिए ठोस कदम उठाने का भी निर्देश दिया। इस दौरान केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के निजी उप-सचिव शैलेश शर्मा, एनएचएआई के रीजनल ऑफिसर हरीश कुमार, प्रोजेक्ट डारेक्टर अजय आर्य और अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। एनएचएआई के अधिकारियों को दिया कुमारी ने निर्देश दिए हैं कि इंजीनियरिंग खामियों के चलते आम जन को परेशानी का सामना ना करना पड़े।

### PHED के अधिकारियों के साथ बैठक

डिप्टी सीएम दिया कुमारी ने विद्याधर नगर में पीने के पानी की समस्या को हल करने लिए जलदाय विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने इलाके में पीने के पानी की समस्या के समाधान के लिए निर्देश दिए। जलदाय विभाग के अधिकारियों को भी उपमुख्यमंत्री ने सख्त निर्देश जारी कर विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र की हर कॉलोनी में पीने के पानी की सप्लाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

### प्रेमचंद बैरवा पहुंचे अपने गांव

डिप्टी सीएम डॉ. प्रेमचंद बैरवा शनिवार को दूदू विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर रहे। इस दौरान वे अपने पैतृक गांव श्रीनिवासपुरा पहुंचे। इस दौरान झाग ग्राम पंचायत मुख्यालय पर आयोजित जन आशीर्वाद कार्यक्रम के दौरान डॉ प्रेमचंद बैरवा ने विकास कार्यों को लेकर भी कहा कि विकास कार्यों में कोई कमी नहीं रखी जाएगी। इस दौरान राताखेड़ा गांव के ग्रामीणों ने बढ़ रही चोरी की घटनाओं को लेकर डिप्टी सीएम को ज्ञापन सौंपा। जिस पर डॉ. बैरवा ने कमिश्नरेट के अधिकारियों को चोरी की घटनाओं की खुलासे को लेकर निर्देश दिए।

**कर्मचारी चयन बोर्ड का** नकल रोकने का नवाचार

# परीक्षाओं में नकल माफिया और डमी कैंडिडेट पर लगेगी लगाम


**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में नव निर्वाचित भाजपा सरकार के मुखिया शपथ ग्रहण के बाद से ही पेपर लीक मामलों में सख्त नजर आ रहे हैं। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा में पेपर माफियाकमर तोड़ने के लिएएडीजी के नेतृत्व में एक एसआईटी का भी गठन किया हैं।

ऐसे में अब कर्मचारी चयन बोर्ड ने भी नकल रोकने के लिए एक्शन प्लान तैयार कर लिया है। इसके तहत अब अभ्यर्थी आधार या 10वीं की मार्कशीट को आवेदन से लिंक कर भर्ती प्रक्रिया में शामिल हो सकेंगे।

बोर्ड अध्यक्ष मेजर जनरल आलोक राज ने बताया कि 21 जनवरी से शुरू होने वाली बोर्ड की प्रतियोगिता परीक्षाओं में बायोमेट्रिक और फेस स्कैन लागू करेंगे और उसके बाद जब भी डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन हो और जब अभ्यर्थी दस्तावेज सत्यापन के लिए जाए तब भी पूरा वेरिफिकेशन होगा। उन्होंने बताया कि चयन बोर्ड की ओर से भविष्य में होने वाली सभी भर्ती परीक्षाओं की आवेदन पत्र की प्रक्रिया को आधार कार्ड या फिर दसवीं की मार्कशीट से लिंक किया जाएगा। ताकि डमी अभ्यर्थी बनकर फर्जी तरीके से भर्ती परीक्षा में शामिल न हो सके।

## भर्ती के आवेदन में आधार या 10वीं की मार्कशीट से करना होगा लिंक



### प्रश्नों की गुणवत्ता करेंगे इम्प्रूव

बोर्ड अध्यक्ष आलोक राज ने बताया कि परीक्षा में प्रश्न और उनके उत्तर को विरोधाभास हो जाता है। इसको लेकर अभ्यर्थी कोर्ट में चले जाते हैं जिससे भर्तियां कई वर्षो से अटक जाती हैं। उन्होंने बताया कि आगे की परीक्षाओं में अभ्यर्थी भी एग्जाम में पेपर क्वालिटी इंप्रूवमेंट महसूस करेंगे। कर्मचारी चयन बोर्ड की ये प्राथमिकता रहेगी की क्वालिटी ऑफ क्वेश्चन भी इंप्रूव किया जाए। आने वाले एग्जाम में पेपर क्वालिटी अच्छी होगी और अभ्यर्थियों को प्रश्न पेपर को लेकर कोर्ट में जाने का मौका नहीं मिलेगा। उन्होंने कहा कि पिछले दो महीने में बोर्ड की ओर से 21 अभ्यर्थियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई गई है। इन अभ्यर्थियों ने किसी और की जगह डमी अभ्यर्थी बन भर्ती परीक्षा में शामिल होने की कोशिश की थी। जिन्हें बोर्ड की ओर से वक्त रहते पकड़ लिया था। भविष्य में इस तरह की गलती न हो। इसको लेकर अब बोर्ड भर्ती प्रक्रिया के नियमों में संशोधन करने जा रहा है।

### भर्ती परीक्षाओं में लागू होगी प्रक्रिया

आगामी भर्ती परीक्षाओं में अभ्यर्थियों को आवेदन पत्र से आधार और 10 वीं की मार्कशीट को लिंक करना होगा। बोर्ड की प्राथमिकता आधार कार्ड रहेगी। किसी कारण अगर कोई अभ्यर्थी आवेदन को आधार कार्ड से लिंक नहीं कर पाया। उसे दसवीं की मार्कशीट के रोल नंबर से आवेदन फॉर्म को भरना होगा। यह प्रक्रिया भविष्य में होने वाली सभी प्रतियोगी भर्ती परीक्षाओं में लागू होगी। आलोक राज ने बताया कि बोर्ड की ओर से इस प्रक्रिया के लागू होने के बाद अभ्यर्थियों की बेसिक जानकारी बोर्ड के पास होगी। जैसे उनका सही नाम, उनके माता-पिता का नाम, डेट ऑफ बर्थ और उनका मूल एड्रेस भी हमें पता होगा। ऐसा करने से अभ्यर्थी को भी काफी फायदा होगा। क्योंकि सीधे डिजी लॉकर की मदद से अपनी बेसिक जानकारी आवेदन फॉर्म में भर सकेंगे। ऐसा होने के बाद परीक्षा केंद्र से लेकर सिलेक्शन के बाद डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन तक अभ्यर्थी के मूल दस्तावेजों की सही से जांच हो सकेगी। इससे नकल और धांधली जैसी घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सकेगा।

### कम्प्यूटर इंस्ट्रक्टर भर्ती में नियुक्ति पर रोक

कम्प्यूटर इंस्ट्रक्टर भर्ती 2022 में शनिवार को कैंडिडेट के सिलेक्शन और उनको नियुक्ति देने की प्रक्रिया पर राजस्थान हाईकोर्ट ने अंतरिम रोक लगा दी है। जस्टिस गणेश राम मीणा की एकलपीठ ने नेहा भडाना और अन्य की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिए। कोर्ट ने राज्य सरकार और कर्मचारी चयन बोर्ड को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा कि कम्प्यूटर साइंस में स्नातक की डिग्री होती ही नहीं है, तो ऐसी डिग्री नहीं रखने वालों को अपात्र क्यों माना जा रहा है। भर्ती प्रक्रिया पर रोक लगने के कारण 9862 पदों पर नियुक्तियां अटक गई हैं।

## खबरों में बेधड़क खबर

### साहब की अंधेरे में चुपके से मुखिया से मुलाकात



प्रदेश का मुखिया घोषित होने के बाद लालकोठी स्थित सात मंजिला भवन के दूसरे माले में बैठने वाले एक साहब इन दिनों रात के अंधेरे में चुपके से निकलते हैं। अंधेरे में साहब की प्रदेश के मुखिया से मुलाकात का काफी चर्चा है। साहब अपने अधिनस्थों को ऑफिस में बुलाकर प्रचार-प्रसार कर रहे हैं कि वें फिर से सत्ता में आ गए हैं और उनकी ट्रांसफर-पोस्टिंग में राय-शुमारी ली जाएगी। चर्चा है साहब पहले से ही बड़े-बड़े कारनामे करके आए हैं और अब मुखिया के नतमस्तक होने की बात बोलकर मातहतों को बरगलाने में लगे हैं।

### टाइगर साहब दो नूर चले जाने से खफा



राजधानी में बैठने वाले टाइगर साहब अपने दो नूर की नॉन फील्ड पोस्टिंग कर देने से खफा हैं। भारी शिकायतों के बाद साहब के दोनों नूर को अलग कर दिया। चर्चा है कि साहब ने दोनों के लिए यथावत पोस्टिंग के लिए किए प्रयास भी कोई काम नहीं आए। क्योंकि दोनों नूर ही साहब के आंखों की रोशनी थे। ऐसे में साहब सीनियरों की कार्यशैली से नाखूश हैं। ऐसे में साहब ने पोस्टिंग कराने वाले एक बड़े साहब के सामने भी अपनी पीड़ा जाहिर की है।

### लेनदेन के मामलों को धोखाधड़ी का मुकदमा




खाकी इन दिनों आपसी लेनदेन के मामलों को धोखाधड़ी में दर्ज करने के कारनामे कर रही है। चर्चा है एमआई रोड वाले ऑफिस में बैठने वाले साहब प्रोपर्टी व्यवसाय को एक के बाद एक मुकदमों में गिरफ्तार करने के लिए आईओ पर दबाव बना रहे हैं। आईओ जब फाइल में सीनियरों को कहता है कि इसमें कुछ प्रकरण नहीं बनता तो सीनियर का जवाब होता है कि ऊपर से दबाव है। मुकदमे दर्ज कराने वाला फाइनेंसर आईओ मिलकर खुद के हिसाब से फाइल तैयार कराता था। चर्चा है कि फाइनेंसर का लालकोठी वाली बिल्डिंग से भी एक बड़ा अफसर पूरा सहयोग कर रहा है और एक बड़े नेता के बेटे ने भी सहयोग के लिए विक्टर को फोन किया है।

### घाटगेट वाले ऑफिस से व्यवसायी को क्लीनचिट




घाटगेट स्थित खाकी वाले ऑफिस में बैठने वाले बड़े साहब की चंद माह की पोस्टिंग को लेकर इनदिनों काफी चर्चा है। साहब की सेवा पूरी होने वाली है। एक बड़े व्यवसायी के खिलाफ साहब ने दर्ज शिकायतों व मुकदमों में क्लीनचिट दे दी। व्यवसायी को पहले वाले साहब ने गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के बाद में नए मामले सामने आए तो व्यवसायी ने जमानत के बाद सीएमओ से एपीओ हो चुके एक बड़े साहब की सिफारिश लगाई और अब घाटगेट वाले साहब से मिलकर क्लीनचिट ले ली। साहब और व्यवसायी की इन दिनों खाकी में काफी चर्चा है।

■ ओमप्रकाश शर्मा, विशेष संवाददाता

**विधानसभा अध्यक्ष ने किया** पुस्तक का विमोचन

# शिक्षा में भारतीय मूल्यों का समावेश आवश्यक: देवनानी

**बेधड़क** | जयपुर



राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि समाज के चहुंमुखी विकास के लिए शिक्षा में भारतीय मूल्यों के समावेश की आवश्यकता प्रतिपादित की है।

उन्होंने कहा कि हमारा भारतीय समाज लोकतंत्रीय व्यवस्था वाला है और विकास के लिए शिक्षा आवश्यक है। भारत की शिक्षा संस्कृति पर आधारित तथा मातृभाषा में शिक्षा का प्रसार होना चाहिए। देवनानी शनिवार को यहां राजस्थान विश्वविद्यालय के मानव संसाधन विकास केंद्र में आयोजित भारतीय शिक्षा मंडल के अखिल भारतीय अधिकारी अभ्यास वर्ग सम्मेलन को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने इस अवसर पर शिक्षा के प्रमुख विषयों पर अनुसंधान आधारित पुस्तक का विमोचन किया। देवनानी ने कहा कि मानव जीवन का प्रकृति के साथ सामंजस्य होना और राष्ट्रीय पुनरुत्थान के लिए शिक्षा का भारतीय मूल्यों पर आधारित होना आवश्यक है तथा इसके लिए भारतीय संस्कृति के विभिन्न पहलुओं पर अनुसंधान किया जाना चाहिए। भारत की संस्कृति और दर्शन दूसरे देशों से भिन्न है। भारतीय शिक्षा में वसुधैव कुटुम्बकम और सर्वे भवन्तु सुखिनः का दर्शन समाहित है। शिक्षा केवल रोजगार का आधार मात्र ही नहीं बल्कि मानव जीवन को सामर्थ्यवान और संस्कारवान बनाने वाली होनी चाहिए।

**मुख्यमंत्री से मिले नर्सेज** एसोसिएशन के पदाधिकारी

# RGHS से इलाज में आ रही समस्या जल्द होंगी दूर: CM

**बेधड़क** | जयपुर



राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष प्यारे लाल चौधरी व कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र सिंह शेखावत ने शनिवार को मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा से मुलाकात की। उन्होंने सीएम से पिछले छह महीनों से प्रदेश भर में आम जन, पेंशनर्स व राज्य कर्मचारी निशुल्क इलाज को लेकर हो रही परेशानी को बताया।

वहीं राज्य कर्मचारियों के वेतन से काटे जाने वाली करीब साढ़े चार सौ करोड़ की राशि भी उनके इलाज की बजाय अन्य मद में काम ली जा रही है, जिससे राज्य कर्मचारियों एवं पेंशनर्स का कैशलैस इलाज भी बंद हो गया है। इस पर मुख्यमंत्री शर्मा ने आश्वस्त किया कि इस संदर्भ में उनकी केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया से बात हो चुकी है और निर्णय लिया जा चुका है कि राज्य में पच्चीस लाख तक का इलाज निशुल्क किया जाएगा। वहीं मुख्यमंत्री ने कहा कि अस्पतालों एवं मेडिकल स्टोर वालों का बकाया भुगतान करने का निर्णय भी किया जा चुका है और उनकी बकाया राशि का शीघ्र भुगतान कर दिया जाएगा।

**महिला स्वयं सहायता समूह का जैसलमेर में लखपति दीदी कार्यक्रम**

# वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का हमारा लक्ष्य: राष्ट्रपति

**बेधड़क** | जयपुर

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का हमारा लक्ष्य है और इसके लिए प्रत्येक महिला का सबला, आत्मनिर्भर और सशक्त होना आवश्यक है।

स्वयं सहायता समूह वंचित तबके विशेषकर महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वावलम्बी बनाने में प्रभावी योगदान दे रहे हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को जैसलमेर के शहीद पूनमसिंह स्टेडियम में राजीविका के तत्वावधान में आयोजित महिला स्वयं सहायता समूह लखपति दीदी के कार्यक्रम में मौजूद महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि इतनी तादाद में राजस्थान के इस हिस्से में महिलाओं को भागीदारी देखकर वे अभिभूत हैं। सम्मेलन में राज्यपाल कलराज मिश्र व सीएम भजनलाल शर्मा, केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत व केंद्रीय मंत्री कैलाश चौधरी भी मौजूद रहे।

■ राज्यपाल कलराज मिश्र व मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी रहे मौजूद



### महिला उद्यमियों से संवाद

इस दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, राज्यपाल कलराज मिश्र तथा मुख्यमंत्री ने स्वयं सहायता समूहों से संबंधित प्रदर्शनी का अवलोकन कर उनसे जुड़ी महिला उद्यमियों से संवाद किया। उन्होंने सम्मेलन में दुग्ध उत्पाद, लकड़ी उत्पाद, ब्लू पॉटरी, मीनाकारी, कोटा डोरिया, वाटर शेड, उद्यम संवर्धन, डिजिटल फाइनेंस एवं वित्तीय समावेश, कशीदाकारी, वन धन विकास योजना, महिला किसान उत्पादक संगठन, सेनेटरी पैड उत्पादन इकाई, मार्बल उत्पाद, जूट उत्पाद, दरी और कालीन, बाजरे के उत्पाद, राली उत्पाद, पट्टू आर्ट, टैराकोटा की स्टॉल का अवलोकन कर महिलाओं को प्रोत्साहित किया। इस दौरान राष्ट्रपति ने एक हैण्डमेड बैडशीट भी खरीदी। सम्मेलन में केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री कैलाश चौधरी, जैसलमेर विधायक छोटू सिंह भाटी, पोकरण विधायक प्रताप पुरी, अतिरिक्त मुख्य सचिव ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज अभय कुमार, सचिव मंजू राजपाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

### समृद्ध महिलाओं से ही खुशहाली संभव: CM

राजस्थान ग्रामीण विकास विभाग के तत्वावधान में हुए सम्मेलन में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि समृद्ध महिलाओं से ही समाज, प्रदेश व देश की खुशहाली संभव है। हमारी सरकार महिला सशक्तिकरण और उनके सर्वांगीण विकास के लिए कृत संकल्पित है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नारी शक्ति के महत्व को समझते हुए लखपति दीदी योजना की शुरूआत की है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को 150 करोड़ रुपए के चैक भी वितरित किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि 1,000 करोड़ रूपये के निवेश के साथ महिला सशक्तिकरण एसएचजी मिशन शुरू किया जाएगा। इसमें 2 लाख नई महिला सदस्यों को एसएचजी से जोड़ने का लक्ष्य है। एसएचजी में काम करने वाली लगभग 28 लाख महिलाओं को महिला सशक्तिकरण क्रेडिट कार्ड योजना के माध्यम से न्यूनतम दर पर 1 लाख रुपए तक का ऋण उपलब्ध कराने के लिए रोडमैप तैयार किया जाएगा। महिला सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है। प्रदेश के हर जिले में एक महिला थाना स्थापित होगा।

## जरूरी खबर

### महापौर ने ली बैठक, शिविरों का स्थान बदला



**जयपुर।** नगर निगम जयपुर हेरिटेज महापौर मुनेश गुर्जर ने शनिवार को रामनगर मेट्रो स्टेशन के पास विकसित भारत संकल्प यात्रा-2023 के तहत आयोजित शिविर का अवलोकन करने के बाद शिविरों के सफल संचालन के लिए भाजपा पार्षदों और निगम अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस दौरान महापौर गुर्जर ने पार्षदों से सुझाव लिए और बैठक में मौजूद अतिरिक्त आयुक्त करतार सिंह को निर्देश दिए की कुछ शिविरों का स्थान बदला जाए। इस पर सांयकाल ही अतिरिक्त आयुक्त महोदय ने शिविरों के स्थानों का संशोधित शेड्यूल जारी कर दिया। बैठक में पार्षद सुभाष व्यास, रवि प्रकाश सैनी, घनश्याम टेपण, सुरेश नावरिया, अंशु शर्मा, पूरणमल सैनी, राहुल शर्मा, सुनील दत्ता, श्यामसुन्दर सैनी, जितेन्द्र लखवानी, मंजू शर्मा, पवन शर्मा, रेखा राठौड़, हेमेन्द्र शर्मा, पार्षद प्रतिनिधि राकेश बागड़ा, उपायुक्त सरोज ढ़ाका, संजू पारीक आदि मौजूद रहे।

### हिसार-तिरुपति-हिसार रेल सेवा बहाल



**जयपुर।** भोपाल मंडल पर रामगंज मंडी-भोपाल रेलखंड के मध्य स्थित संत हिरदाराम नगर स्टेशन पर नॉन इंटरलॉकिंग कार्य होगा। इस कार्य के कारण पूर्व में हिसार-तिरुपति–हिसार रेलसेवा की एक ट्रिप रद्द की गई थी, परंतु अब यह रेल सेवा गाड़ी संख्या 09715, हिसार-तिरुपति रेलसेवा 30 दिसंबर और 2 जनवरी को संचालित रहेगी। यह जानकारी उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण ने दी।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खब़र, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें ।

---

**सड़क निर्माण में NGT का आदेश हवा, प्राणवायु देने वालों का घुट रहा दम**

# पेड़ों के चारों ओर कंक्रीट का प्लास्टर, जड़ों तक कैसे पहुंचे पानी

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में एक तरफ सरकार करोड़ों रुपए फूंककर शहर में वृक्ष बचाओ-धरती बचाओ का संदेश दे रही है, लेकिन वह खुद इनपर खुद अमल नहीं कर रही। इसका परिणाम है कि शहर में सैकड़ों पेड़ कंक्रीट के कारण जीवन के लिए जूझते नजर आ रहे हैं। लोगों को प्राणवायु देने वाले पेड़ों का ही बेरतरतीब सड़क बनाकर गला घोंटा जा रहा है।

शहर की चारदीवारी के मुख्य मार्गों पर लगे पेड़ों की जड़ तक सीमेंट की सड़क बना दी गई है। ऐसे में उनकी सिंचाई के लिए पानी नहीं जाने से समय से पहले ही बड़े-बड़े वृक्ष धराशाही होने के कगार पर है। वहीं, इन पेड़ों की देखरेख करने वाले जिम्मेदार विभाग बेखबर है। पर्यावरण विशेषज्ञों का कहना है कि एनजीटी का सड़क बनाने को लेकर आदेश है कि पेड़ के पास करीब दो फीट का घेरा बनाकर कच्ची जमीन छोड़ी जाए, जिससे कि सड़क पर बहने वाला पेड़ों की जड़ तक पहुंच सकें, लेकिन कई जगहों पर पेड़ों के लिए ऐसी जगह नहीं छोडी गई है। सड़क बनाने के लिए जिम्मेदार जयपुर विकास प्राधिकरण और नगर निगम भी लापरवाही बरत रहे हैं।

### तने तक चढ़ा दी सीमेंट की दीवार



चारदीवारी के सुभाष चौक और चांदी की टकसाल इलाके में कई ऐसे बड़े पेड़ लगे हुए हैं, जिनके तने से चिपकाकर करीब पांच फीट तक सीमेंट की पक्की दीवार बना दी है। ऐसे में जड़ को पानी नहीं मिलने से विशाल पेड़ भी जर्जर हालत में पहुंच चुके हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि ये निर्माण करीब छह माह पुराना है। उस समय लोगों ने निर्माणकर्ताओं को बोला भी था कि पेड़ के पास कच्ची जगह रखें, लेकिन निर्माण करने वाले ठेकेदार ने इस पर ध्यान नहीं दिया। पूरी चारदीवारी की बात करें तो करीब दो दर्जन जगहों पर तने तक पक्की दीवार बनाकर पानी जाने का रास्ता रोक दिया है। ऐसे ही हालत किशपोल बाजार, जोहरी बाजार, त्रिपोलिया इलाके में भी है।

### लग चुका है 3000 करोड़ का जुर्माना

राष्ट्रीय हरित अधिकरण (NGT) पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने पर इसी वर्ष प्रदेश की तत्कालीन सरकार पर 3000 करोड़ रुपए का जुर्माना लगा चुकी है। राष्ट्रीय हरित अधिकरण ने कथित तौर पर ठोस और तरल कचरे व औद्योगिक इकाइयों के प्रदूषित पानी की निकासी का प्रबंधन नहीं करने और पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने के लिए राजस्थान पर यह जुर्माना लगाया था।



### ट्री गार्ड की भी जगह नहीं

कुछ जगह पर छोटे पौधे भी लगे हुए हैं। इनकी सुरक्षा में लगने वाले टी गार्ड के लिए भी कोई जगह नहीं छोड़ी गई है। वहीं, जड़ों पर किनारे पर सड़क का कचरा और मलबा होने से पानी जड़ों में नहीं जा रहा है, जिससे वे सूखने के कगार पर हैं।

> एक तरफ सरकार वृक्षों को बचाने के लिए बड़े-बड़े स्लोगन देती है। करोड़ों रूपए खर्च कर रही है। वहीं, दूसरी ओर हेरिटेज सिटी में सैकड़ों वर्ष पुराने पेड़ों को मरने के लिए छोड़ा जा रहा है। विकास के नाम पर उनकी हवा-पानी बंद कर रहे हैं। प्रशासन को इसे जल्द दुरूस्त करना चाहिए।
>
> **मनीष सोनी,** पर्यावरण प्रेमी, अध्यक्ष कदंबकुण्ड और ताल कटोरा विकास समिति

---

**क्रिसमस और नए साल के लिए सप्ताहभर रहेगा पर्यटकों का आवागमन**


# जश्न पर कोरोना का साया, नहीं बरती सावधानी तो पड़ेगी भारी

**बेधड़क** | जयपुर

क्रिसमस और नया साल मनाने को लेकर जयपुराइट्स में उत्साह का माहौल है। सभी इस जश्न को बेहतर बनाने में लगे हैं। सप्ताहभर से ज्यादा समय के लिए जयपुर में लाखों बाहरी लोगों का आवागमन रहेगा। पर्यटन स्थलों, होटलों और बाजारों में जबरदस्त भीड़ रहेगी, लेकिन इस बीच देश में फैल रहे कोरोना के नए सब वैरिएंट जेएन 1 की अनदेखी लोगों पर भारी पड़ सकती है।

कोरोना के मामलों में कमी होने पर लोग कोविड एप्रोप्रिएट बिहेवियर को भूल चुके हैं। लोग मास्क और सॉशल डिस्टेंस व सेनेटाइजर आदि को जीवन में उपयोग कम करने लगे हैं। ऐसे में क्रिसमस और नए साल के जश्न में लोगों को कोविड एप्रोप्रिएट बिहेवियर का पालन व कोरोना से सावधानी रखनी बेहद जरूरी है। अन्यथा कोरोना के फैलने की पूरी आशंका है। कुछ दिनों के लिए सरकार और चिकित्सा विभाग के सामने चुनौती रहेगी। प्रदेश में कोरोना के अभी 11 मामले एक्टिव चल रहे हैं। जयपुर के मालवीय नगर में शनिवार को कोरोना का एक नया केस और मिला है।

### जयपुर में कोविड का एक और मरीज मिला, प्रदेश में अभी 11 एक्टिव केस



फोटो: पंकज शर्मा



### होटलों और पर्यटन स्थलों पर अभी से जमावड़ा

क्रिसमस और नए साल का जश्न मनाने के लिए पर्यटकों का होटलों और पर्यटन स्थलों पर जबर्दस्त जमावड़ा है। एयरलाइंस और ट्रेनो में फुल बुकिंग है। शहर की सड़कों पर भी वाहनों का दबाव अभी से दिखने लगा है। क्रिसमस मनाने के लिए लोग काफी उत्साहित नजर आ रहे हैं। गिफ्ट आइटम, क्रिसमस ट्री, सैंटा क्लॉस कपड़ों की खरीदारी कर रहे हैं। बापू बाजार में पहली बार सजावट की गई है। चांदपोल चर्च को लाइटों से सजाया गया है। बाईस गोदास पर एमजीएफ मॉल पर क्रिसमिस ट्री पर लाइटें लगाई गई।

### नए टूरिज्म पॉइंट बने खास पसंद

पूराने पर्यटन स्थलों के अलावा अब पर्यटकों को नए-नए टूरिज्म पाइंट बेहद पसंद आ रहे हैं। होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन राजस्थान के अध्यक्ष कुलदीप सिंह चंदेला ने बताया कि पर्यटक अब जैसलमेर व बाड़मेर के रेतीले धोरों के बीच जश्न मनाने पहुंच रहे हैं। इसके अलावा उदयपुर, जोधपुर, बीकानेर, जवाई डेम, रोहटगढ़, भैंसरोड़गढ़, शेखावाटी आदि नये टूरिज्म पॉइंटों पर पहुंच रहे हैं।

### व्यवस्थाएं चाक-चौबंद रखने के निर्देश

इधर, चिकित्सा विभाग की एसीएस ने शुभ्रा सिंह ने शनिवार को चिकित्सा से जुड़े विषयों को लेकर बैठक ली। एसीएस ने कोविड प्रबंधन की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि चिकित्सा संस्थान अलर्ट मोड पर रहें। चिकित्सा विशेषज्ञों के अनुसार कोविड के वर्तमान में सामने आए सॉर्स कॉव-2 जेएन.1 सब वेरिएंट का घातक प्रभाव देखने में नहीं आया है, लेकिन एहतियातन सभी आवश्यक चिकित्सा सुविधाएं चाक-चौबंद रखी जाएं।

---

**अगवा करने वाले चार गिरफ्तार**

## परिचित की गाड़ी संग रील बनाई तो पैसे वाला समझ किया अपहरण



**बेधड़क** | जयपुर

मानसरोवर थाना पुलिस ने एक युवक का अपहरण कर फिरौती मांगने के आरोप में युवती समेत चार आरोपियों पिंटू मीणा, गायत्री मीणा, कुबेर सिंह मीणा और अमर सिंह मीणा को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से वारदात के लिए उपयोग में ली गई थार जीप भी बरामद की है। पुलिस उपायुक्त योगेश गोयल ने बताया कि परिवादी नरसी लाल मीणा ने मामला दर्ज कराया कि उसके साथी विकास मीणा और अंकित मीणा तीनों मानसरोवर की इंजीनियर कॉलोनी में किराए के मकान में रहकर ये सभी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे थे। 18 दिसंबर को शाम के समय उसके साथी विकास मीणा और विजय मीणा कमरे में बैठे थे, इस दौरान 10 से 12 लोग दो गाड़ियां लेकर आए पिस्तौल दिखाकर विकास मीणा से मारपीट करते हुए उसे थार गाड़ी में अपहरण करके ले गए। अपहरणकर्ताओं में हरिमोहन मीणा और राजू पंडित भी थे। पुलिस के मुताबिक विकास सोशल मीडिया के जरिए आरोपी राजू पंडित और हरी मोहन मीणा के संपर्क में था। विकास के किसी परिचित ने नई स्कॉर्पियो गाड़ी ली थी। उसके साथ रील बनाकर विकास ने इंस्टाग्राम पर डाल दी थी। इसे देख आरोपियों यह सोचकर कि विकास ने नई गाड़ी खरीदी है और उसके पास पैसे हो सकते हैं उसे उठाकर फिरौती वसूलने के लिए ले गए थे। मामले सामने आने पर अतिरिक्त पुलिस आयुक्त पारस जैन के निर्देशन में एसीपी मानसरोवर अभिषेक शिवहरे के नेतृत्व में स्पेशल टीम का गठन किया। पुलिस की स्पेशल टीम ने तत्परता दिखाई तो घेराबंदी से घबराकर आरोपी विकास को किशनगढ़ अजमेर के पास छोड़कर भाग गए। पुलिस ने पीड़ित को सकुशल दस्तयाब किया और चारों आरोपियों को बापर्दा गिरफ्तार कर लिया ।

---

**घाट के बालाजी मंदिर से सफाई अभियान की शुरुआत**

## मेयर ने जनप्रतिनिधियों संग लगाई झाड़ू

**बेधड़क** | जयपुर

नगर निगम जयपुर हेरिटेज महापौर मुनेश गुर्जर ने शनिवार को घाट के बालाजी मंदिर के बाहर झाड़ू लगाकर सफाई अभियान की शुरुआत की। अभियान में उनके साथ भाजपा नेता रवि नैयर, निगम के पार्षदगण, निगम अधिकारी और स्थानीय जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे। इस दौरान मेयर ने मंदिर मार्ग पर कूड़ा कचरा फैलाने वालों खिलाफ सख्त कार्रवाई के भी निर्देश दिए हैं। स्थानीय नागरिकों ने महापौर से सफाई नहीं करने की शिकायत की। स्थानीय



लोगों ने बताया कि जब कभी वीवीआईपी या वीआईपी या उच्च अधिकारी आते हैं, तभी सफाई होती है। इसके अलावा सफाई नहीं होती है। इस पर महापौर ने संबंधित सीएसआई को निर्देश दिए कि वे प्रति सोमवार सफाई के लिए हूपर साथ लेकर आएं। उन्होंने कचरा ज्यादा होने पर डंपर से कचरा उठाने के भी निर्देश दिए। इस दौरान पार्षद महेश कलवानी, घनश्याम चंदलानी, माया नैनीवाल, उपायुक्त स्वास्थ्य नूर मोहम्मद, राकेश बागड़ा आदि ने झाड़ू लगाकर मंदिर के आस-पास सफाई की।

---

**एसएमएस अस्पताल के चिकित्सकों की उपलब्धि**

## जनरल मेडिसन चिकित्सकों ने किया ब्लड कैंसर मरीज का बौन मेरो ट्रांसप्लांट

**बेधड़क** | जयपुर

एसएमएस अस्पताल के डॉक्टरों ने एक और उपलब्धि हासिल की है। अस्पताल के जनरल मेडिसिन डिपार्टमेंट के डॉक्टरों ने पहली बार ब्लड कैंसर मरीज का सफलतापूर्वक बोन मेरो ट्रांसप्लांट किया है। इस नई पहल के बाद अब ब्लड कैंसर मरीज को फायदा मिलने के साथ वेटिंग कम हो सकेगी। एसएमएस अस्पताल के बोन ट्रांसप्लांट विशेषज्ञ व



हेमाटोलॉजिस्ट डॉ. विष्णु शर्मा ने बताया कि उनकी यूनिट में गंभीर ब्लड कैंसर से पीड़ित एक मरीज के भर्ती होने पर पहले कीमोथेरेपी देकर कैंसर को कंट्रोल किया गया। इसके बाद कैंसर की गंभीरता को देखते हुए बोन मेरो ट्रांसप्लांट का सुझाव दिया गया। एलोजेनिक बोन मेरो ट्रांसप्लांट सबसे जटिल होने से मरीज के भाई या बहन से स्वस्थ स्टेम सेल्स लेकर मरीज के शरीर में ट्रांसफर करवाकर ट्रांसप्लांट करवाया जाता है। ट्रीटमेंट टीम में सीनियर प्रोफेसर डॉ. अभिषेक अग्रवाल का प्रमुख सहयोग रहा। डॉ. आशुतोष राय, डॉ. कमलेश राजपुरोहित, डॉ. कुलदीप स्त्रवता और डॉ. हर्ष सैनी भी टीम में थे।


---

**घूस मामले में ACB ने की SDM व तहसीलदार के खिलाफ FIR**

# विपक्ष का 50 हजार का ऑफर, SDM साहब 1.5 के लिए बोल रहे हैं

**बेधड़क** | जयपुर

जमीनी विवाद में स्टे को हटाने की धमकी देकर और स्टे का यथावत रखने की एवज में 1.50 लाख रुपए की घूस मांगने के मामले में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने जांच शुरू कर दी है। एसीबी को आरोपी मांडलगढ़ एसडीएम महेश गगोरिया ने एफएसएल जांच के लिए आवाज का सैंपल देने से मना कर दिया। महेश गगोरिया ने एसीबी को कहा कि वाइस रिकॉर्डर में मौजूद परिवादी व एसडीएम के बीच हुई बातचीत उसकी नहीं है, जबकि परिवादी संजय सिंह जब घूस के 50 हजार रुपए लेकर एसडीएम महेश गगोरिया को देने गया तो उसके द्वारा परिवादी का मोबाइल छीनकर उसको देखने के





बाद कहा कि मुझे फंसाने के लिए एसीबी से बात कर रहा है। इसके बाद एसडीएम ने तहसीलदार राहुल धाकड़ व होमगार्ड को बुलाकर उसके साथ मारपीट की और गाली-गलौच की थी। एसीबी ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।

### पहले की थी 2 लाख रुपए की डिमांड

एसीबी की जांच में सामने आया कि आरोपी तहसीलदार राहुल धाकड़ ने परिवादी संजय से पहले 2 लाख की डिमांड की थी। धाकड़ ने परिवादी को कहा कि सामने वाली पार्टी स्टे हटाने के लिए 50 हजार रुपए का ऑफर देकर गई है। हालांकि, बाद में स्टे नहीं हटाने के लिए धाकड़ ने 50 हजार रुपए में तय किया था। लेकिन, 15 दिन बाद में परिवादी को ऑफिस बुलाकर कहा- कि एसडीएम साहब वन प्वाइंट फाइव के लिए बोल रहे हैं। इससे कम नहीं होगा। परिवादी एडवांस के तौर पर 50 हजार रुपए लेकर गया था। इस दौरान ही एसडीएम महेश को शक हो गया और उसका मोबाइल छीन लिया था।

### स्टे नहीं हटाने के लिए घूस मांगी थी

एसीबी की जांच में सामने आया कि परिवादी संजय जमीनी विवाद के एक मामले में एसडीएम कोर्ट से स्टे ले रखा था। स्टे को खारिज कराने के लिए विपक्ष की पार्टी ने एसडीएम कोर्ट में अपील की थी। संजय सिंह ने इस मामले में जब तहसीलदार राहुल धाकड़ से संपर्क किया तो उसने परिवादी से घूस मांग ली। परिवादी ने इसकी शिकायत एसीबी को की थी। शिकायत के सत्यापन के बाद एसीबी ने ट्रेप की कार्रवाई की कोशिश की, लेकिन शक होने पर एसीबी आरोपियों को रंगे हाथों गिरफ्तार नहीं कर सकी। अब एसीबी ने दोनों आरोपियों के खिलाफ घूस मांगने का मुकदमा दर्ज कर लिया, जबकि एसीबी ने एक अन्य मुकदमा मांडलगढ़ थाने में मारपीट करने और राजकार्य में बाधा डालने का कराया है।

### साक्ष्यों की होगी एफएसएल जांच

पड़ताल में सामने आया कि एसीबी वॉइस रिकॉर्डर के साथ परिवादी के मोबाइल व एसडीएम के मोबाइल को जांच के लिए एफएसएल को भेजेगी। वॉइस रिकॉर्डर में आरोपियों व परिवादी के बीच हुई बातचीत की ट्रांसक्रीप्ट है। उसकी जांच होगी। ताकि, एफएसएल तय कर सके कि बातचीत को किसी प्रकार से एडिट तो नहीं किया गया है।

जरूरी खबर

## बलबीर छिल्लर ने अधिकारियों को धमकाया



**अलवर।** कांग्रेस के अलवर जिला प्रमुख बलबीर छिल्लर हमेशा सुर्खियों में बने रहते हैं। इस बार उन्होंने बयानों से अधिकारियों को धमकाते हुए कहा- अधिकारी जूते के हैं। मैंने देख लिया कि राज बदलते अधिकारियों की भाषा बदल गई। छिल्लर का ये वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। अलवर में आयोजित एक सभा में उन्होंने कहा कि विचारों से राजनीतिक नहीं होगी। भंवर साहब तो राजपरिवार से हैं, उनसे बदतमीजी नहीं होगी लेकिन हम किसान के बेटे हैं, हम तो कर ही सकते हैं। अलवर जिला प्रमुख ने कहा कि मेरा दादा कहता था कि जिसने पहले पटका वो ही जीतता है इसलिए पहले पटको तब ही जीत मिल सकती है।

## मेड़ता जेईएन और टेक्नीशियन को किया निलंबित

**अजमेर।** अजमेर डिस्कॉम ने बिजली सप्लाई की व्यवस्थाओं में लापरवाही के प्रकरणों में कार्रवाई की। मेड़ता के कनिष्ट अभियंता व टेक्नीशियन-प्रथम को निलंबित कर मुख्यालय सीकर किया गया है। प्रबंध निदेशक एन.एस. निर्वाण ने बताया कि बिजली सप्लाई सिस्टम व विभाग को आर्थिक हानि जैसे गंभीर कृत्यों के कारण नितेश मालव कनिष्ठ अभियन्ता व कालूराम टेक्नीशियन-प्रथम, को तुरन्त प्रभाव से निलंबित कर उनका मुख्यालय अधीक्षण अभियन्ता (पवस), सीकर कर दिया गया है।

## शॉर्ट सर्किट से लगी आग, जिंदा जले पिता-पुत्री



**अलवर।** तिजारा के मुंडाना गांव में कमरे में लगे हीटर के कारण लगी आग से दो लोगों की मौत हो गई, जबकि एक महिला गंभीर रूप से झुलस गई। शेखपुर थाना पुलिस के मुताबिक हादसे में 23 वर्षीय पिता और 2 माह की पुत्री की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि मां गंभीर रूप झुलस गई। महिला को 60 प्रतिशत जली हुई अवस्था में तिजारा से अलवर रेफर किया गया है। शेखपुर थाना इलाके में रात करीब 2 बजे बाद शॉर्ट सर्किट से आग लगने की बात सामने आ रही है। हादसे के वक्त एक दंपती अपनी दो माह की पुत्री के साथ कमरे में सो रहे थे।

### पश्चिम क्षेत्र संस्कृति केंद्र उदयपुर का शिल्पग्राम उत्सव 30 दिसंबर तक

# ओडिसी, कुचिपुड़ी व कथक से जमा रंग

- लोक नृत्य की प्रस्तुतियों से कला प्रेमी मंत्रमुग्ध
- देश-विदेश में विख्यात डांसर्स ने क्लासिकल बनाई शाम

बेधड़क | उदयपुर

जब पीतल की थाली पर नृत्य करते हुए शिवाराधना करते डांसर्स ने शानदार संतुलन दिखाया तो दर्शक आश्चर्यचकित और सन्न रह गए, जब उनकी तंद्रा टूटी तो वे वाह-वाह कर उठे।

यह दृश्य था यहां चल रहे दस दिवसीय शिल्पग्राम उत्सव के दौरान शनिवार शाम मुक्ताकाशी मंच पर कुचिपुड़ी नृत्य के अंतर्गत 'शित तरंगम' की प्रस्तुति का। आंध्र प्रदेश के इस डांस में जब कुचिपुड़ी नृत्य के विश्व प्रसिद्ध गुरु वी. जयराम राव ने प्रस्तुति दी तो तालियों की गड़गड़ाहट से समूचा शिल्पग्राम गूंज उठा।

राव पद्मश्री और संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार से सम्मानित हैं। इसके साथ ही कुचिपुड़ी नर्तकों-नृत्यांगनाओं ने 'जाति स्वरम' की प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

इसमें कर्नाटक संगीत पर स्वरों का सम्मेलन के अंतर्गत आंध्र प्रदेश की वेशभूषा और ज्वेलरी पहने डांसर्स ने मंदिरों में स्तुति की भाव भंगिमाओं का नयनाभिराम प्रदर्शन किया। इस नृत्य की रचना कई वर्षों पूर्व महान गुरु माने गए वेपट्टी चिन्नास्वामी सत्यम ने की थी।





### श्रीकृष्ण और गोपियों का रास हुआ जीवंत

इससे पूर्व, पद्मश्री व संगीत नाटक अकादमी के पुरस्कार से नवाजी जा चुकीं विश्व प्रसिद्ध ओडिसी नृत्यांगना, कोरियोग्राफर तथा फिल्म निर्मात्री रंजना गौहर के ग्रुप ने दुनिया में कई मंचों वाहवाही लूट चुके ओडिसी डांस 'रास रंग' को पेश कर तमाम दर्शकों को सम्मोहित कर दिया। भगवान श्रीकृष्ण को समर्पित इस नृत्य में बेहद खूबसूरत भाव भंगिमाओं के साथ सभी डांसर्स ने श्रीराधा-कृष्ण और गोपियों के कुंज वन के रास की जीवंत प्रस्तुति देकर दर्शकों को भाव विभोर कर दिया। रंजना गौहर के निर्देशित इस राग मिश्र खमाज पर आधारित इस एक ताल डांस का गीत नाबा किशोर मिश्रा ने लिखा। इसकी पटकथा और कोरियोग्राफी उस्ताद बिस्मिल्लाह खान पुरस्कार प्राप्त विनोद कविन बचन ने की।

### नामचीन कथक नृत्यांगना के कथक पर थिरके कला प्रेमी

नामचीन कथक नृत्यांगना लखनऊ घराने की मालती श्याम एंड ग्रुप ने कथक की शानदार प्रस्तुति से सुधी दर्शकों को थिरकने पर विवश कर दिया। यह नृत्य तीन ताल ख्याल में पेश किया गया। इसमें बहुत ही नयानाभिराम भावभंगिमाओं के साथ तोड़े, टुकड़े और तिहाइयों का प्रयोग किया। इस डांस में विवाह में वर के सौंदर्य को प्रकट करते गीत 'कैसो निको लगा, बनरा मोरा आंखों में' का कर्णप्रिय संगीत और नयनाभिराम नृत्य के साथ सुंदर सामंजस्य रहा। यह सुंदर संगीत प्रस्तुति वर की सौंदर्य को वर्णन करती है। यह एक सुंदर, अनूठी और पारंपरिक रचना है, जो सुंदर वातावरण और शुभ अवसर (शुभ घड़ी) का वर्णन करती है, जहां सभी दो आत्माओं के मिलन का इंतजार कर रहे हैं। इस समूह प्रस्तुति को गुरु मालती श्याम जी ने रचा है और इसमें आश्विनी सोनी, हस्ती गज्जर, गौरी शर्मा, आंचल रावत शुभी मिश्रा और निकिता वत्स भाग लिया।

### तराना में अनूठा संगम

अंत में इन तीनों सिद्धहस्त डांसर्स के ग्रुप्स की संयुक्त प्रस्तुति 'तराना' ने शिल्पग्राम की शाम को शास्त्रीय बना दिया। तीनों अलग-अलग विधाओं के सुपर सम्मिलन ने हर कला प्रेमी का मन मोह लिया।

## जिसे देख नजर ठहर जाए और पैर थम जाएं... ऐसी है ग्लोसी पेंटिंग

- अजमेर के आर्टिस्ट दंपती की वाटर प्रूफ पेंटिंग्स चर्चा में है

**उदयपुर।** वाकई आर्ट वह है जो बरबस ध्यान खींच ले और जिस पर नजर पड़ जाए तो ठहर जाए और कदम थम जाएं। ऐसी ही एक आर्ट है ग्लोसी पेंटिंग। यहां शिल्पग्राम उत्सव में स्टाल संख्या 56 पर अजमेर की महिला कलाकार वर्षा रानी और उनके पति सुधीर सिंह की यह पेंटिंग बनाते हैं। यह आर्टिस्ट दंपती कई वर्षों से इस आर्ट में लगे हैं और पूरी तरह सिद्धहस्त हो चुके हैं। इस पेंटिंग की सबसे बड़ी खूबी यह है कि यह कोटिंग चढ़ी होने के कारण वाटर प्रूफ होती है। यानी जब इस पर डस्ट लगे या मैली हो तो इसे पानी आदि से फिर से नई जैसी चमका सकते हैं।





### सामग्री

इस पेंटिंग के लिए रेजिन के साथ ही कुछ अन्य केमिकल, हार्ड बोर्ड, ऑयल कलर्स, कॉपर वर्क की हुई शीट पर शीट, लकड़ी के फ्रेम्स, क्रिस्टल और पेंटिंग को सजाने की अन्य सजावटी वस्तुएं उपयोग में ली जाती हैं।

### ऐसे बनती है

आर्टिस्ट वर्षा रानी बताती हैं, "पहले हार्ड बोर्ड पर ऑयल कलर्स से पेंटिंग बनाई जाती है। इसके बाद इस पर केमिकल से कोटिंग की जाती है। फिर, उस पर जरूरत और ऑर्डर के मुताबिक श्रृंगार करके उसकी ऑर्डर और कीमत के अनुसार फ्रेमिंग की जाती है।" सुधीर सिंह बताते हैं, "ये पेंटिंग्स कई तरह की बनती हैं। इनमें मुख्य रूप से गोल्डन के बारीक काम की, स्टोन वर्क, क्रिस्टल के काम वाली, मेटल यानी कॉपर वर्क की पेंटिंग्स होती हैं।" बहरहाल, शिल्पग्राम उत्सव में उमड़ रहे लोग जमकर खरीदारी करने के साथ, कई तरह के व्यंजनों का लुत्फ भी उठा रहे हैं। इनमें तमाम कला प्रेमी इस स्टॉल की ओर भी आकर्षित हो रहे हैं।

### शिल्पग्राम उत्सव में मंच पर लोक झंकार में मना 'महाराष्ट्र दिवस'

## मराठी लोक नृत्यों ने साकार की महाराष्ट्र की संस्कृति

- 'लावणी' ने लुभाया... 'शिवाजी महाराज' प्रस्तुति ने सम्मोहित किया

**उदयपुर।** पश्चिम क्षेत्र संस्कृति केंद्र, उदयपुर के शिल्पग्राम उत्सव में देश-विदेश में प्रसिद्ध कलाकारों ने मुक्ताकाशी मंच पर शनिवार शाम 'महाराष्ट्र दिवस' को साकार कर दिया। 'लोक झंकार' के अंतर्गत महाराष्ट्र के तमाम लोक नृत्यों ने गजब का समां बांधा। इस शानदार प्रस्तुति ने हजारों दर्शकों का हृदय झंकृत कर दिया। इस प्रस्तुति के दौरान लावणी और शिवाजी महाराज के साथ ही गान, गावलोन, वासुदेव, शेतकारी, ठाकर, जोगवा, गोंडल, सोंगी मुखौटा, कोली, डींडी और महाराष्ट्र गीत ने महाराष्ट्र की लोक संस्कृति को साकार कर दिया। मेवाड़ के साथ ही समस्त मरुधरा के दर्शकों ने इस शानदार प्रस्तुति का जमकर आनंद लिया। साथ ही, मराठी संस्कृति से अपनी वाकिफियत भी बढ़ाई।

### जोधपुर के मतोड़ा थाना इलाके की घटना

## तलवार से वार कर पत्नी की हत्या

बेधड़क | जोधपुर

जोधपुर के मतोड़ा थाना इलाके में एक पति ने अपनी पत्नी का तरवार से वार कर मौत के घाट उतार दिया। मतोड़ा थाना एसएचओ अचलाराम ढाका ने बताया- जोधपुर के लोहावट कस्बे के मतोड़ा थाना इलाके के गांव जेरिया में शनिवार सुबह 7.30 बजे अर्जुन राम (62) ने अपनी पत्नी शांति देवी (57) की तलवार से हत्या कर दी।

उस वक्त घर में पति-पत्नी और चार बच्चे थे। बेटा गोपालाराम (28) ओडिशा में है, वह वहां मजदूरी करता है। अर्जुन राम की बहू स्वरूपी (26) ने बताया कि



पति डेढ़ महीना पहले ही ओडिशा गया था। तब से ससुर रोज ही झगड़ा करता था। झूठे आरोप लगाता था। स्वरूपी अपने पति को बताती थी। शुक्रवार रात को अर्जुन राम ने बहू को एक कमरे में बंद कर ताला लगा दिया था। सुबह बहू ने सास से टॉयलेट जाने की बात कही तो सास ने दरवाजा खोल दिया था। स्वरूपी घर से भागकर पड़ोस में चली गई और अर्जुन राम की शिकायत की। इससे अर्जुन राम बौखला गया और उसने पत्नी का मर्डर कर दिया। अर्जुन राम को बहू स्वरूपी (26) के चरित्र पर शक था। इसलिए उसने बहू को एक कमरे में बंद कर दिया था। अर्जुन राम के पड़ोसियों ने पुलिस को वारदात की सूचना दी।

पुलिस मौके पर पहुंची तो अर्जुन राम खून सनी तलवार लेकर मकान की छत पर घूम रहा था और पड़ोसियों को धमका रहा था। घटना की सूचना उसके बेटे गोपालाराम को दी गई है। शव को लोहावट हॉस्पिटल की मोर्चरी में रखवाया गया है। बेटे के आने के बाद पोस्टमॉर्टम किया जाएगा।

### एलएचबी कोच को 180 किमी प्रतिघंटा की स्पीड पर दौड़ाया

## रिकॉर्ड: तीन मालगाड़ियां जोड़कर चलाई

बेधड़क | कोटा

रेलवे ने कोटा रेल मंडल में शुक्रवार को दो रिकॉर्ड बनाए हैं। इसमें पहला रिकॉर्ड सामान्य रेलगाड़ी को 180 किमी प्रतिघंटा की स्पीड पर चलाना है।

वहीं इतिहास में प्रथम बार तीन माल गाड़ियों को जोड़कर एक लॉग हॉल चलाने का सफल परीक्षण किया है। यह परीक्षण कोटा रुठियाई रेल खंड पर किया गया है। इस लॉग हॉल को बनाने के लिए पहले दो माल गाड़ियों को कोटा यार्ड से निकाली गई। इसके बाद गुडला थर्मल पावर प्लांट लाइन से तीसरी मालगाड़ी को कोटा



रुठियाई रेलखंड पर लाया गया। जिसे भूलोन स्टेशन पर जोड़ा गया।इन तीन मालगाड़ियों में 174 डिब्बे जोड़े गए थे। इस लॉग हॉल को चलाने से दो माल गाड़ियों के पाथ की बचत की गई। डीआरएम तिवारी का कहना है कि आपात स्थितियों को गाड़ियों की अत्यधिक जमाव के समय लॉग हॉल का परिचालन गाड़ियों के परिवहन में अत्यधिक उपयोगी साबित होता है। वहीं पहली बार साधारण ट्रेन को 180 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से दौड़ाया गया। जिसमें कोटा-नागदा रेल खंड में एलएचबी कोच की पैंटीकार को अधिकतम 180 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ा कर परीक्षण किया गया। आरडीएसओ ने यह परीक्षण कई बार किया गया।

एलएचबी कोच की किसी ट्रेन को 180 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ाने का कोटा मंडल में यह पहला मामला है। पिछले परीक्षण में 160 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से दौड़ाया गया था।

### कोटा: परामर्श केंद्र में पांच साइकोलॉजिस्ट की जरूरत, कार्यरत सिर्फ एक

# खुदकुशी के मामले बढ़ने के बावजूद मनोवैज्ञानिकों की कमी

बेधड़क | कोटा

कोटा में कोचिंग ले रहे छात्रों के बीच आत्महत्या के मामले बढ़ने के बावजूद यहां अपने घरों से दूर विभिन्न प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी कर रहे लगभग 2.50 लाख कोचिंग छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों से निपटने के लिए नैदानिक मनोवैज्ञानिकों की बहुत कमी है। इस साल कोटा के कोचिंग संस्थानों में अध्ययनरत 26 विद्यार्थियों ने खुदकुशी कर ली। यह किसी एक साल में यहां आत्महत्या करने वाले छात्रों की सर्वाधिक संख्या है। राजस्थान सरकार की बजट घोषणा के अनुरूप कोटा स्थित न्यू मेडिकल कॉलेज अस्पताल (एनएमसीएच) में गत सितंबर में एक मनोवैज्ञानिक परामर्श केंद्र स्थापित किया गया था। एनएमसीएच में कम से कम पांच नैदानिक मनोवैज्ञानिकों की जरूरत है, लेकिन केवल एक ही तैनात हैं। केंद्र में प्रशिक्षित कर्मियों की भी कमी है।

### नैदानिक मनोविज्ञान में एम फिल की डिग्री नहीं दिए जाने से बढ़ी समस्या

राज्य के मेडिकल कॉलेजों में नैदानिक मनोविज्ञान में एम फिल की डिग्री नहीं दिए जाने के कारण यह समस्या और बढ़ गई है। राज्य के सरकारी मेडिकल कॉलेजों में सेवाएं दे रहे विशेषज्ञों के पास दूसरे राज्यों की डिग्री हैं। न्यू मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मनोविज्ञान विभाग के प्रोफेसर (एमडी) डॉ. विनोद कुमार दरिया ने कहा कि उन्होंने राज्य के सरकारी संस्थानों में नैदानिक मनोविज्ञान में एम फिल पाठ्यक्रम के लिए एक प्रस्ताव तैयार किया था और पिछले साल जनवरी में इसे राज्य सरकार को भेजा था। प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई और कुशल नैदानिक मनोवैज्ञानिकों के साथ मनोवैज्ञानिक परामर्श केंद्र की स्थापना की घोषणा की गई। डॉ. दरिया ने कहा कि मनोवैज्ञानिक परामर्श केंद्र (बिना किसी अतिरिक्त बजट के) शुरू किया गया, हालांकि एम फिल पाठ्यक्रम की शुरुआत और नैदानिक मनोवैज्ञानिकों की नियुक्ति अब भी लंबित है।



### शुरू किया जा सकता है पाठ्यक्रम

डॉ. दरिया ने कहा कि कोटा में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराने वाले बेहतर संस्थानों के कारण देशभर से माता-पिता अपने बच्चों को यहां पढ़ने के लिए भेजते हैं। इनके अलावा सीकर और जयपुर जैसे स्थानों पर पढ़ाई करने के लिए भी बाहर से बड़ी संख्या में बच्चे आते हैं। डॉ. दरिया के मुताबिक राज्य में नैदानिक मनोवैज्ञानिकों की काफी मांग है। उन्होंने इस ओर भी इशारा किया कि राज्य के सरकारी मेडिकल कॉलेजों में मानसिक स्वास्थ्य का उपचार कराने के लिए आने वाले रोगियों की संख्या को देखते हुए यहां आठ सीट के साथ नैदानिक मनोविज्ञान में एम फिल पाठ्यक्रम शुरू किया जा सकता है।

### नियुक्ति के लिए लिखा पत्र

सरकारी मेडिकल कॉलेज, कोटा में मनोविज्ञान विभाग के प्रमुख डॉ. बी.एस. शेखावत ने बातचीत में मनोविज्ञान के क्षेत्र में विशेषज्ञ परामर्शदाताओं की कमी को स्वीकार किया और बताया कि उन्होंने नैदानिक मनोवैज्ञानिकों और परामर्शदाताओं की नियुक्ति के लिए पत्र लिखा है, लेकिन अभी तक कुछ हुआ नहीं है। चिकित्सा शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव टी रविकांत को वॉट्सऐप संदेश भेजकर राज्य में एम फिल पाठ्यक्रम शुरू करने के प्रस्ताव की स्थिति के बारे में पूछा गया, लेकिन उन्होंने कोई उत्तर नहीं दिया। निजी क्षेत्र में तीन से चार नैदानिक मनोवैज्ञानिक हैं। इनमें दो कोचिंग संस्थानों में कार्यरत विशेषज्ञ भी शामिल हैं।

## पानी के कुंड में गिरा बच्चा, युवती ने बचाई जान

बेधड़क | राजसमंद

राजसमंद के देलवाड़ा में पानी से भरे एक कुंड के पास खेल रहे चार-पांच बच्चों में से एक बच्चा कुंड में गिर गया। साथी बच्चों के शोर मचाने पर मौके पर पहुंची युवती ने तुरंत पानी में डूबे बच्चे को बाहर निकाला, इससे कोई अनहोनी होने से बच गई। क्षेत्र के इंद्र कुंड के पास खेलते हुए पहुंचे इन बच्चों में से एक अचानक ही कुंड में गिर गया। पानी से भरे कुंड में गिर जाने से बच्चे घबराकर चीख-पुकार करने लगे। इतने में एक युवती ने मौके पर पहुंचकर बच्चे को तुरंत पानी से बाहर निकाला, इससे बड़ा हादसा होने से बच गया। खेलने गए बच्चों की उम्र 8 से 10 साल के बीच बताई गई है। पूरा मामला पास लगे सीसीटीवी में दर्ज हो गया।

### जयपुर नेशनल यूनिवर्सिटी में मंथन सत्र: चांसलर डॉ. संदीप बक्शी ने दी नववर्ष की शुभकामनाएं

# रिसर्च के लिए फैकल्टी मेंबर्स को मिलेगी 25 लाख की ग्रांट




बेधड़क | जयपुर

जयपुर नेशनल यूनिवर्सिटी की ओर से शनिवार को संवादात्मक मंथन सत्र का आयोजन किया गया। आगामी सत्र में होने वाली रिसर्च गतिविधियों को बढ़ाने सहित अन्य बिंदुओं पर चर्चा के लिए आयोजित इस सेशन में यूनिवर्सिटी के सभी विभागों के फैकल्टी मेंबर्स शामिल हुए।

जेएनयू चांसलर डॉ. संदीप बक्शी ने सभी को क्रिसमस व नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। डॉ. बक्शी ने गत वर्ष हुई रिसर्च गतिविधियों को संज्ञान में लेते हुए कहा कि आगामी वर्ष में हमें क्वालिटी रिसर्च पब्लिकेशन, पेटेंट और प्रोजेक्ट करने होंगे और उनका स्तर राष्ट्रीय से अंतरर्राष्ट्रीय करने के लिए सभी को प्रतिबद्ध होना होगा। उन्होंने कहा कि शोध समाज को प्रभावित करने वाले नवीनतम मुद्दों पर होनी चाहिएं। उन्होंने रिसर्च को बढ़ावा देने के लिए फैकल्टी मेंबर्स को 25 लाख रुपए का अनुदान देने की घोषणा की। उन्होंने विश्वविद्यालय में कार्यरत 3500 से अधिक संकाय सदस्यों एवं उनके उन्होंने जेएनयू परिवार को उनके अथक प्रयासों और अपने दायित्वों के प्रति अडिग रहने के संकल्प के साथ नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। सभी संकायों की सामूहिक फोटोग्राफी के साथ कार्यक्रम की समाप्ति हुई।

इस अवसर पर जेएनयू के प्रो चांसलर प्रो. एचएन वर्मा, वाइस चांसलर प्रो. आरएल रेना, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर प्रीति बख्शी के साथ सभी संकायों के शिक्षकगण भी मौजूद थे।

#### जेएनयू अस्पताल की पहुंच बढ़ाने का भी लक्ष्य

जेएनयू के 100-200 किमी के दायरे में जेएनयू अस्पताल द्वारा प्रदान की जा रही चिकित्सा सुविधाओं को आम जनता तक पंहुचाने के लिए भी इस सेशन में लक्ष्य निर्धारित किया गया। डॉ. बक्शी ने कहा कि इसके लिए निकट के गांवों को अस्पताल से जोड़ने के लिए समुचित परिवहन सुविधाओं को राज्य सरकार की सहायता से बहाल किया जाएगा। राजस्थान की जनता के लिए जेएनयू में कैंसर अस्पताल निर्माणाधीन है जिससे देश के सभी जरूरतमंद मरीजों को इसका लाभ मिलेगा।

## Yuva स्टोरीज

### मूक-बधिर विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा



बेधड़क | जयपुर

राजकीय मूक बधिर महाविद्यालय की साहित्यिक व सांस्कृतिक समिति की ओर से आयोजित दो दिवसीय साहित्यिक-सांस्कृतिक कार्यक्रमों में विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के पहले दिन आशु-भाषण एवं एकल नृत्य प्रतियोगिताएं हुईं। आशु भाषण में मोनिका किराड़ ने प्रथम, जितेन्द्र जांगिड़ ने द्वितीय व भाग्यलक्ष्मी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

एकल नृत्य में मोनिका किराड़ प्रथम, विष्णु गुर्जर द्वितीय व किरण जाट तृतीय रही। कार्यक्रम के दूसरे दिन विद्यार्थियों ने 'नशा मुक्ति', 'पेड़ मत काटो' 'शिक्षा क्यों जरूरी है' जैसे ज्वलंत विषयों पर लघुनाटिकाएं प्रस्तुत की। वरिष्ठ संकाय सदस्य डॉ. सुशीला मीणा, डॉ. गीता शर्मा, अनिता मीणा, डॉ. नरेन्द्र ईष्टवाल व डॉ. शक्ति सिंह शेखावत ने प्रतियोगिताओं में निर्णायक की भूमिका निभाई।

प्रतियोगिताओं में टॉप रहने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. अलका यादव ने प्रतिभागियों की प्रस्तुतियों की सराहना की। डॉ. कमल तिवाड़ी ने कार्यक्रम का निर्देशन किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अनिता प्रजापत, राजेश्वरी देवी राठौड़, डॉ. विजेता चारण और नीलम शर्मा ने किया। डॉ. पूजा रावल ने सभी को धन्यवाद दिया।



### तुलसी के पौधे लगाए ली संरक्षण की शपथ

बेधड़क | जयपुर

मुरलीपुरा स्थित संस्कृति चिल्ड्रंस एकेडमी में छात्र-छात्राओं ने शनिवार को तुलसी पूजन दिवस मनाया। इस अवसर पर सचिव आयुष कुमार शर्मा के नेतृत्व में स्टाफ सदस्यों व विद्यार्थियों ने स्कूल प्रांगण में तुलसी के पौधे लगाए व प्रतिदिन उन्हें पानी देने और पूजा करने की शपथ ली।

विद्यालय प्रधानाध्यापक अशोक कुमार शर्मा ने बताया कि जब दुनिया को सभ्यता का पता भी नहीं था तब हमारा देश संस्कारों की तुलसी से आंगन सजा रहा था। हिदू संस्कृति में माना जाता है कि जिस घर में तुलसी का पौधा होता है, वह घर तीर्थ के समान होता है। वहां मृत्यु के देवता यमराज भी नहीं आते हैं।

जो मनुष्य तुलसी मंजरी से भगवान श्री हरि की पूजा करते हैं उन्हें मोक्ष की प्राप्ति होती है। जो व्यक्ति सुबह-सुबह तुलसी का पूजन करता है, उससे विष्णु भगवान प्रसन्न होते हैं। तुलसी असाध्य रोगों का निवारण करती है तथा इसके पूजन से मनुष्यों की मनोकामना पूर्ण होती है। अंत में सचिव ने कार्यक्रम कॉर्डिनेटर दीपिका शर्मा व मधु चौहान का धन्यवाद ज्ञापित किया ।



**पाल बने अध्यक्ष, सहारण महासचिव |**
**जयपुर।** बैंक ऑफ इंडिया ओबीसी एम्पलॉई वेलफेयर एसोसिएशन राजस्थान इकाई का विकेश सहारण को निर्विरोध महासचिव चुना गया। शनिवार को हुए एसोसिएशन के त्रिवार्षिक अधिवेशन में सत्येन्द्र पाल को अध्यक्ष व विकेश सहारण को महासचिव चुना गया। इनके नेतृत्व में राजस्थान इकाई की कार्यकारी समिति का कार्यकाल अगले तीन वर्ष तक रहेगा। वर्तमान में राजस्थान में बैंक ऑफ इंडिया की करीब 200 शाखाएं और प्रोसेसिंग विभाग हैं।

### पोद्दार ग्रुप के फेस्ट 'मंथन' का समापन



# स्टूडेंट्स के टैलेंट का 'नृत्यम्' रैंप पर इठलाया फैशन

बेधड़क | जयपुर


थीम बेस्ड ग्रुप डांस और रैंप शो की खूबसूरती से सराबोर स्टूडेंट्स की परफॉर्मेंस कला के आधुनिक आयामों को साकार करती नजर आई। मौका था पोद्दार ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स में चल रहे इंटर कॉलेज फेस्ट 'मंथन 2023' के समापन का। अंतिम दिन आयोजित डीजे नाइट में स्टूडेंट्स ने जमकर धूम मचाई।

'नृत्यम' थीम पर जहां नच नच कूड़ा...गीत पर पंजाबी कल्चर को स्टेज पर स्टूडेंट्स ने दिखाया तो वहीं थीम 'डी कंपनी' पर स्टूडेंट्स ने हरियाणवी, वेस्टर्न समेत देश की विभिन्न संस्कृतियों से संबंधित नृत्यों को मंच पर साकार किया। साथ ही भांगड़ा, वीना और गैंग वी समेत विभिन्न थीम बेस्ड डांसेस की परफॉर्मेंस पर ऑडियंस ने जमकर एंजॉय किया। इसके बाद कांस्टीट्यूशन, ब्रह्मास्त्र, रामायण आदि थीम पर रैंप शो में स्टूडेंट्स ने अपना टैलेंट प्रदर्शित किया।

कार्यक्रम मे एसीपी अजय शर्मा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। जजेस के रूप मे एक्टर अकबर खान, विनय कुमावत एवं इंजीनियर प्रेरणा ने स्टूडेंट्स के परफॉर्मेंस को सराहा।

कॉलेज प्रिंसिपल प्रो. प्रवीण गोस्वामी, डॉ. अनुपम जैन एवं डॉ. पूनम धवन ने अतिथियों का स्वागत किया। मंच संचालन डॉ. सुनील कक्कड़ एवं डॉ. शिवा ने किया। ग्रुप निदेशक रूपल पोद्दार ने कार्यक्रम में पूरे देश से जुटे स्टूडेंट्स के परफॉर्मेंस की तारीफ की। ग्रुप चेयरमैन डॉ. आनंद पोद्दार ने कार्यक्रम के समापन अवसर सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

#### छात्राओं ने शानदार डांस से बांधा समां



जयपुर। रामबाग चौराहा स्थित एसएस जैन सुबोध पीजी महिला महाविद्यालय में युवा सप्ताह 'उल्लास' के अंतर्गत शनिवार को एकल व सामूहिक नृत्य प्रतियोगिताओं में छात्राओं के टैलेंट की धूम रही। छात्राओं ने राजस्थानी पंजाबी, पाश्चात्य एवं शास्त्रीय संगीत की धुनों पर मोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर दर्शक छात्राओं को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। इस अवसर पर महाविद्यालय संयोजक वीसी डागा भी उपस्थित रहे। कथक नृत्यांगना वर्तिका तिवारी व बस्कर्स डांस इंस्टीट्यूट के सहायक निदेशक कृष्ण सिंह गजावत निर्णायक थे। प्राचार्या डॉ. रेनू जोशी ने विजेता छात्राओं को पुरस्कृत किया।

## नन्हे सांता ने बांटी क्रिसमस की खुशियां

बेधड़क | जयपुर

प्रतापनगर स्थित रावत पब्लिक स्कूल के मॉन्टेसरी स्टूडेंट्स ने शनिवार को उल्लास के साथ क्रिसमस सेलिब्रेशन किया। स्टूडेंट्स इस अवसर पर क्रिसमस थीम पर आधारित वेशभूषा में सज धज कर आए।

सांता क्लॉज, फेयरी, मदर मेरी की वेशभूषा में बच्चों ने हर किसी का मन मोह लिया। बच्चों ने इस दौरान रोचक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।



सांता ने बच्चों को गिफ्ट और चॉकलेट्स बांटी। साथ ही बच्चों को क्रिसमस के महत्व के बारे में भी बताया गया। रावत एजुकेशनल ग्रुप के चेयरमैन बी एस रावत ने क्रिसमस के अवसर पर सभी को बधाई दी और विविधता में एकता वाले देश भारत की विविधता पूर्ण संस्कृति की सराहना की।रावत एजुकेशनल ग्रुप के निदेशक नरेंद्र सिंह रावत ने बताया कि विद्यालय में हर धर्म और संप्रदाय के त्योहारों को बड़ी धूम धाम से मनाया जाता है। उन्होंने अभिभावकों के सक्रिय सहयोग के लिए उनकी राहना की। स्कूल की प्रिंसिपल मैत्रेयी शुक्ला ने इस सफल आयोजन के लिए शिक्षकों की सराहना की।

# गीता केवल संस्कृत जानने वालों का नहीं, जनमानस का ग्रंथ



### राजस्थान विश्वविद्यालय में गीता जयंती पर विशेष व्याख्यान

बेधड़क | जयपुर

राजस्थान विश्वविद्यालय के दर्शनशास्त्र विभाग में शनिवार को गीता जयंती के अवसर पर श्रीमद्भगवतगीता का शास्वत सन्देश की वर्तमान में प्रासंगितकता सहित विभिन्न पहलुओं को लेकर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ख्यातिप्राप्त संस्कृतज्ञों व विचारकों ने भाग लिया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में जगद्गुरु रामानंदाचार्य संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. रामसेवक दुबे ने गीता के अनेक उदाहरणों से सिद्ध किया कि गीता केवल संस्कृत जानने वाले पंडितों का ग्रंथ भर नही है, बल्कि आम जन मानस का ग्रंथ है।

गीता अन्याय से न्याय के संघर्ष का ग्रंथ है। जानेमाने विद्वान आचार्य दयानंद भार्गव ने गीता के 'चार महावाक्य' विषय पर बोलते हुए गीता का सारांश अपने सीमित व्यक्तित्व का अतिक्रमण कर अपने असीमित स्वरुप को पहचानने में अन्तर्निहित बताया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में भाग लेते हुए जयपुर सांसद रामचरण बोहरा ने भारतीय संस्कृति व राजनीति में गीता के महत्व को रेखांकित करते हुए विकसित भारत के लक्ष्य में गीता की भूमिका पर प्रकाश डाला।

#### डिटैचमेंट ही है शत प्रतिशत अटैचमेंट

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए राजस्थान विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. अल्पना कटेजा ने निष्काम कर्म योग और निर्लिप्तता की नवीन व्याख्या करते हुए डिटैचमेंट को शत प्रतिशत अटैचमेंट के रूप में चिन्हित किया। प्रो. कटेजा ने गीता के कर्मयोग और व्यवहारिक जीवन में इसके महत्व पर प्रकाश डाला। पूर्व आईपीएस डॉ. सीबी शर्मा कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि रहे। व्याख्यान कार्यक्रम के संयोजक दर्शन विभाग के अध्यक्ष प्रो. अरविंद विक्रम सिंह थे।

### जरूरतमंदों को बांटे गर्म कपड़े

**जयपुर।** आरयू की नेशनल सर्विस स्कीम यूनिट ने शनिवार को एक दिवसीय शिविर में श्रमदान के साथ ही जरूरतमंदों को गर्म कपड़े वितरित किए। स्वंयसेवकों ने कैंपस के सरस्वती गार्डन में श्रमदान करते हुए स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अर्चना शर्मा के निर्देशन में स्वंयसेवकों ने अपने घर, परिवार एवं आस पड़ोस से पुराने ऊनी कपड़े, जूते व जरूरी वस्तुएं एकत्र किर एनएसएस कॉर्डिनेटर प्रो. रामनारायण शर्मा के नेतृत्व में जेएलएन मार्ग स्थित कच्ची बस्ती में जरूरतमंदों लोगों को वितरित किए। इस मौके पर सैकड़ों स्वंयसेवक मौजूद रहे।

**विकसित भारत@2047** | अमृत काल विमर्श के तहत साइंस व टेक्नोलॉजी पर हुई चर्चा

# स्टूडेंट इनोवेशन से सुलझाएं समाज की समस्याएं

बेधड़क | जयपुर

अमृत काल विमर्श के 'विकसित भारत@2047' के अंतर्गत 'साइंस टेक्नोलॉजी एंड इनोवेशन इन द न्यू मिलेनियमः ब्रेव न्यू मिलेनियम' विषय पर डेवलपमेंट सेशन आयोजित किया गया।

भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय और ऑल इंडिया काउंसिल फॉर टेक्निकल एजुकेशन (एआईसीटीई) द्वारा देशभर में आयोजित की जा रही सेमिनारों की श्रृंखला के तहत पूर्णिमा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में यह सेशन हुआ।

सेशन के दौरान इंडियन नेशनल साइंस एकेडमी, दिल्ली के प्रेसिडेंट प्रो. आशुतोष शर्मा स्टूडेंट्स से रूबरू हुए। उन्होंने संस्थानों पर डिजिटलाइजेशन के प्रभाव, कौशल विकास, धैर्य रखते हुए बेहतर श्रोता बनने के बारे में बताया और अपनी जानकारी को व्यापक बनाने हेतु अच्छी शिक्षा प्राप्त करने के साथ-साथ इनोवेशन के जरिए समाज की समस्याओं के समाधान करने पर जोर दिया।



इस दौरान प्रो. शर्मा व स्टूडेंट्स के बीच एक्टिविटी एक्सचेंज और क्वेश्चन-आंसर राउंड भी हुए। मुख्य वक्ता ने एआई के बारे में बात करते हुए तकनीक में तेजी से आ रहे बदलावों के बीच भविष्य में जरूरी सावधानियों के बारे में भी जागरूक किया।इससे पूर्व सेशन की शुरुआत में कॉलेज के डायरेक्टर डॉ. महेश बुंदेले ने मुख्य वक्ता का स्वागत किया, जबकि संयोजक डॉ. रेखा नायर ने सेशन की जानकारी दी। अंत में वाइस प्रिंसिपल डॉ. पंकज ढेमला ने धन्यवाद ज्ञापित किया।



#### देश लगाने जा रहा है लंबी छलांग

आरए पोद्दार प्रबंधन संस्थान में विकसित भारत@2047 के तहत 'वॉईस ऑफ यूथ' सेमीनार का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि प्रो. सोमदेव, गेस्ट ऑफ ऑनर प्रो. अनुराग शर्मा व संस्थान की निदेशिका डा. शिखा नैनावत ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की। निदेशिका डॉ. नैनावत कहा कि इस योजना का लक्ष्य देश की आजादी के 100 साल पूरे होने पर देश को विकसित राष्ट्र बनाना है। यह भारत का वह दौर है जब देश लंबी छलांग लगाने जा रहा है। बेस्ट प्रजेन्टशन का निर्णय निर्णायक प्रो. एके शर्मा एवं डा. बी एल गुप्ता ने किया।




पंकज ओझा
राजस्थान प्रशासनिक सेवा के अधिकारी


## शाश्वत सनातन

*स्वामीनारायण अक्षरधाम मंदिर विदेशी भूमि पर हिंदू धरोहर का उत्कृष्ट प्रतीक है। इस मंदिर को न्यू जर्सी के रॉबिन्सविले टाउनशिप में बनाया गया है, जो विदेश में बने सबसे बड़े हिंदू मंदिरों में शामिल है। इसके निर्माण में 12,500 से अधिक वॉलंटियर्स ने नौकरी से छुट्टी लेकर काम किया। मंदिर का निर्माण 2015 में शुरू हुआ था और इसी साल 8 अक्टूबर को इसे जनता को समर्पित किया गया। इसमें जिन पत्थरों का उपयोग हुआ है, वो भारत, यूरोप, चीन, और अमेरिका से आए हैं। मंदिर में 10,000 मूर्तियां, भारतीय संगीत वाद्ययंत्र, नृत्य, और ब्रह्मकुंड खास आकर्षण है। यह विभिन्न समुदायों को एक साथ लाने वाला सांस्कृतिक केंद्र है, जो स्थानीय और संघीय सरकारों के साथ एक पुल के रूप में काम करेगा।*

# दुनिया के 29 स्थानों के पत्थर से बना है अमेरिका में 'अक्षरधाम'


**प्राचीन भारतीय ज्ञान का अप्रतिम प्रमाण है विदेश में दूसरा सबसे बड़ा हिन्दू मंदिर**



स्वामीनारायण अक्षरधाम मंदिर में भारत में तो कई जगह पर बने हुए हैं, लेकिन हाल ही अमेरिका में इसका निर्माण किया गया है। यह विदेश में बनाए गए सबसे बड़े हिंदु मंदिरों में से एक हैं। इसे दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा हिन्दू मंदिर बताया जा रहा है। संयुक्त राज्य अमेरिका में न्यू जर्सी के रॉबिन्सविले टाउनशिप में स्वामीनारायण अक्षरधाम मंदिर का उद्घाटन इसी साल 8 अक्टूबर को इसके महंत स्वामी महाराज के मार्गदर्शन में किया गया। न्यूयॉर्क के टाइम्स स्क्वायर से लगभग 90 किमी दक्षिण में और वाशिंगटन डीसी से लगभग 289 किमी दूर उत्तर में यह मंदिर स्थित है। मंदिर के निर्माण के लिए 12,500 से अधिक वॉलंटियर्स ने अपनी नौकरी और पढ़ाई से छुट्टी ली और अपना पूरा समय इस काम को दिया।

### क्या है खासियत

इस मंदिर को बनाने में चार तरह के पत्थरों का इस्तेमाल किया गया है। इसमें लाइम स्टोन, पिंक सैंडस्टोन, मार्बल, ग्रेनाइट का इस्तेमाल हुआ है। लाइमस्टोन को बुल्गारिया और तुर्की, मार्बल को ग्रीस और इटली, ग्रेनाइट को भारत और चीन से लाया गया। सैंडस्टोन भी भारत से लाया गया। मंदिर परिसर में एक ब्रह्मकुड भी है, जिसमें भारत की पवित्र नदियों और अमेरिका की नदियों का पानी है।



### 2015 में प्रारंभ हुआ था निर्माण

*इस ग्रैंड मंदिर का निर्माण 2015 में प्रारंभ हुआ। इसको बनाने में 1.9 मिलियन क्यूबिक फीट पत्थर का उपयोग किया गया है। पत्थर को दुनियाभर के 29 से ज्यादा विभिन्न स्थलों से मंगाया गया है, जिसमें भारत से ग्रेनाइट, राजस्थान से बलुआ पत्थर, म्यांमार से सागौन की लकड़ी, ग्रीस, तुर्की और इटली से संगमरमर और बुल्गारिया और तुर्की से चूना पत्थर लेकर बनाया गया है। भारत के बाहर निर्मित यह मंदिर, कंबोडिया में अंगकोर वाट मंदिर के बाद दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा हिंदू मंदिर बनने की ओर अग्रसर है।*

## 10,000

### मूर्तियां हैं मदिर में


*मंदिर का डिज़ाइन प्राचीन भारतीय ज्ञान का अप्रतिम प्रमाण है, जिसमें हिंदू धर्मग्रंथों और संस्कृति से लिए गए तत्व शामिल हैं। इसकी विस्मयकारी विशेषताओं में 10,000 मूर्तियां और भारतीय संगीत वाद्ययंत्रों और नृत्य के विभिन्न रूपों की जटिल नक्काशी और बहुत कुछ है। यह अद्भुत वास्तुशिल्प उत्कृष्ट कृति उस समृद्ध विरासत का प्रतिबिंब है जो इसका प्रतिनिधित्व करती है। मंदिर परिसर में एक मुख्य मंदिर, 12 उप-मंदिर, नौ शिखर (शिखर जैसी संरचनाएं) और नौ पिरामिड शिखर हैं, जिसमें पारंपरिक पत्थर वास्तुकला का अब तक का सबसे बड़ा अंडाकार गुंबद है।*





### भारत में तराशे गए पत्थर


*इस मंदिर को डिजाइन भारत में ही किया गया था। यूरोप के कई हिस्सों से पत्थर निकालकर भारत भेजे गये, जहां इनको तराशा गया। फिर इसे अमेरिका भेजा गया। जैसे-जैसे मंदिर पूरा होने की ओर बढ़ रहा है, वैसे-वैसे इसे अंतिम रूप दिया जा रहा है। अक्षरधाम मंदिर का उद्घाटन और समर्पण पूरे अमेरिका में भक्तों, स्वयंसेवकों और अनुयायियों के लिए एक सपने के सच होने जैसा है। अक्षरधाम सिर्फ किसी एक समुदाय के लिए एक मंदिर नहीं है, बल्कि यह सांस्कृतिक परिसर सभी समुदायों को एक साथ लाने वाला है। यह स्थानीय, राज्य और संघीय सरकार और आस्था-आधारित समुदाय के बीच एक पुल का काम करेगा।*



---

## कविता

### निंवण शहीदा नै करज्यो






गजानंद शर्मा
वरिष्ठ पत्रकार, जयपुर



जश्न मनाओ नया साल रो
पण, निंवण शहीदां नै भी करज्यो
दुश्मण सूं लड़ता प्राण तज्या
वां वीरां नै कदै भूल्यो मतज्यो
मंगसी पड़ी नै मुळक होठां पर
हंसता-हंसता प्राण निछावर करग्या
आंच नै आवै इण धरती नै
इणरी बात पक्की करग्या
पग रोप्या भिड़ग्या दुश्मण सूं
मुड़कर पाछै देख्यो कोनी
हुगी गोळी पर गोळी आरपार
दुश्मण रै आगे झुक्या कोनी
पग-पग पर दुश्मण घात करै
पहाड़ां पर बैठ्यो वार करै
सामी छाती लड़े नहीं
छिप-छिप कर कई रूप धरै
घणा जंगळ रात अंधेरी
हाथ नै हाथ दिखै कोनी
छाती ठोक डट्या सूरमा
मुंह पाछो मोड़्यो कोनी
रगत री आखिर बूंद तणी
दुश्मण रो पीछौ छोड़्यो कोनी
जबरा शेर हिंद रा है वै
तज दिया प्राण झुक्या कोनी
मायड़ बाट देखती रहगी
मंगसा पड़गा सौळा सिणगार
पोळ आंसूआं से भरगी
बापू करै किण नै पुकार
जश्न मनाओ नया साल रो
पण निंवण शहीदां नै भी करज्यो
शहीदां रा घरबार मंदिरिया
वांरी सदा आरती करज्यो।

## शब्दों की सीख

# ब्लैंक DP और नाहट का प्रेम...




महेश कुमार केशरी
बोकारो, झारखंड

**गतांक से आगे...**

मखमूर और नाहट कई बार रविवार को छुट्टी वाले दिन उसी बीहड़ जंगल में पार्टी करने चले जाते थे। पार्टी का चस्का उनको चौदह-पंद्रह साल की उम्र में ही लग गया था। पार्टी के लिए कई बार पैसे नहीं होने पर मखमूर अपने बाप के जेब से पैसे निकाल लेता था। मखमूर का बाप मच्छी, भी बेचता था। उसके दुकान पर बकरे का गोश्त बिकता भी बिकता था। ऐसे में मखमूर मीट अपने पॉकेट में पन्नी में भरकर ले आता था। अमरीश के बाप का चौक पर होटल था। अमरीश वहां से मीट भुंजवा कर लाता था। इस तरह जंगल में नदी किनारे नाहट के साथ पार्टी चलती थी। बिंद्रा के बाप की बेकरी की दुकान थी। उसमें मक्खन और ब्रेड मिलता था। जब पैसे नहीं होते थे तो बिंद्रा अपनी दुकान से मक्खन और सिकी हुई ब्रेड ले आता था। जब कभी पैसों का कोई जुगाड नहीं होता तो बिंद्रा ताड़ी के लिए शाम को उसी जंगल में लबनी बांध देता था। सुबह-सुबह एक दो लबनी ताड़ी मिल जाती थी। पेड़ पर चढ़ने और उतरने में बिंद्रा को महारत हासिल थी। उसकी जांघें बहुत मजबूत थी, क्योंकि उनके घर में घोड़े थे। उसके दूर के एक चाचा साइस थे। मौका पाकर बिंद्रा घुड़सवारी भी करता था। मखमूर की डिग्गी में एक पुरानी मच्छर दानी थी। उसके पिता उससे मच्छी पकड़ते थे। जब नाहट को बीयर के साथ कुछ खाने को नहीं मिलता, तो मखमूर जंगल वाली नदी में मच्छर दानी डालता। उसमें खाने भर मछलियां फंस जाती थी। फिर जंगल में ही आग सुलगाई जाती थी और फिर जंगल में होती थी एक बेहतरीन पार्टी।

नाहट जब कक्षा पांच में था तब एक बंगालन लड़की सुमी चटर्जी भी उसके साथ पढ़ती थी। उसका चेहरा गोल था, लेकिन उसके डिंपल नहीं पड़ते थे। इसके बावजूद वो नाहट की मनपसंद लड़की थी। इसका कारण था कि वो बहुत गोरी और बहुत खूबसूरत थी।

कक्षा जब लगती थी, तब सभी छात्र और छात्राएं नीचे जमीन पर बैठकर पढ़ते थे। क्लास रूम बहुत छोटा और संकुचित था। कमरे में छात्रों की संख्या बहुत ज्यादा होती थी। लिहाजा छात्र-छात्राओं को बहुत सटा-सटाकर बिठाया जाता था। सुमी चटर्जी और नाहट रोज-रोज एक ही जगह पर बैठते थे। साथ-साथ जमीन पर बैठने के कारण जब कभी हाथ या पैर टच हो जाता तो नाहट रोमांचित हो जाता था। नाहट को जब आखिरी बार प्रेम हुआ था तो उसका नाम मुदिता था। मुदिता के भी डिंपल नहीं पड़ते थे। मुदिता को भी लगता था कि नाहट उससे प्रेम करता है। मुदिता का पति मर चुका था। मुदिता बहुत जिद्दी और घमंडी लड़की थी। वो इशारे नहीं समझती थी। वो उसको गुड मार्निंग विश करता तो वह उसको ब्लॉक कर देती थी। वह मुदिता से बहुत प्यार करता था। जिस समय नाहट को उससे प्रेम हुआ था, उस समय मुदिता पचास की रही होगी। मुदिता को लेकर उसने बहुत सारे ख्वाब बुन रखे थे। दिनभर में उसको लेकर वह पता नहीं क्या क्या सोच लेता था। सोचते-सोचते कई बार तो घंटों खो जाता था। वह चाहता था कि पति के मर जाने के बाद मुदिता के जीवन में जो खालीपन आया है उसे वह भर दे। वह उसको वह सारे सुख दे जो उसका पति उसे दे रहा था या फिर जीवित होता देता। ऐसे ही दिन बीत रहे थे। इसी दौरान एक रात की बात है। उस दिन बहुत ठंड थी। बर्फ जमाने वाली। उस दिन वो मुदिता को बहुत याद कर रहा था। उसका बहुत मन था कि वो और मुदिता दोनों एक साथ बैठें। एक दम अकेले। उसी जंगल के बीचों बीच। दोनों मिलकर जमाने भर की बातें करें। एक दूसरे को वो सब कुछ कहें जो वो कहना चाह रहे थे एक दूसरे को। खासकर वो सारी बातें जो नाहट मुदिता को कहना चाह रहा था। वो सारा प्यार जो वो मुदिता पर लुटाना चाह रहा था। वह चाह रहा था कि उस रात की बस कभी सुबह हो ही नहीं। दोनों इसी तरह एक दूसरे में खोए रहें और जीवन गुजरता रहे। एक दूसरे की आंखों में डूबे हुए वो प्यार के समंदर में गोते लगाते रहें। वह इसी सोच में डूबा था कि एक आहट से उसका ध्यान भंग हो गया। शायद बिल्ली थी। रात को जब कभी खिड़की या दरवाजा थोड़ा भी खुला रह जाता था तो बिल्ली मौका पाकर घर में घुस जाती थी। आज भी ऐसा ही हुआ था। इस वक्त उसे बिल्ली का यूं आना बहुत खटका था। उसका सारा ध्यान जो मुदिता पर लगा था, एक पल के लिए टूट गया था। उसने इस बात के लिए मन ही मन बिल्ली को बहुत कोसा, लेकिन फिर उसका ध्यान वापस मुदिता पर आ गया और बिल्ली वाली बात आई गई हो गई। अब वो फिर से मुदिता के खयालों की दुनिया में था। अपनी उसी मुदिता के खयालों में जो अब उसकी अचानक से ही पूरी दुनिया बन गई थी। उन सब लडकियों से ज्यादा, जिनके प्यार में समय-समय पर नाहट डूबता रहा था। जिनके ख्वाब बुनता और फिर नई लड़की मिलते ही जिनको भूलता रहा था। अब उसका मन मुदिता से बात करने का हो रहा था, लेकिन मुदिता ने तो उसे ब्लॉक कर दिया था। वो भी तीसरी बार। नाहट का दुःख बहुत बड़ा था। उसने व्हाटसएप खोला। नंबरों को स्क्रॉल किया। स्क्रीन पर मुदिता टाइप किया। उसने देखा कि पहले जहां मुदिता का चेहरा दिखाई देता था वो डीपी अब ब्लैंक थी। यह देख उसने ब्लॉक का ऑप्शन क्लिक किया। उसके हाथ कांप रहे थे। उसे लगा वो वहीं कुर्सी पर बैठे-बैठे बेहोश हो जाएगा। वह जिससे सबसे ज्यादा प्रेम करता था, आज उसको ब्लॉक कर रहा था। जिससे प्रेम किया जाता है, उसको कभी ब्लॉक नहीं किया जाता। उसने आखिरी बार फिर उस व्हाटसएप वाली खाली डीपी को देखा। डीपी उसे मुंह चिढ़ाती नजर आ रही थी।

उस समय नाहट के जेहन में टाइटैनिक फिल्म का आखिरी दृश्य उभर आया था। पटरे पर जैक की जगह नाहट था और रोज की ठुड्डी की जगह मुदिता की ठुड्डी थी। सीन बदल रहा था। धीरे से नाहट ने मुदिता की ठुड्डी को पटरे पर से अलग किया और मुदिता ठंडे पानी में समंदर के अंदर समा गई।

सचमुच उस समय बहुत ठंड थी। ठंड से बचने के लिए नाहट ने सिगरेट सुलगा ली। धीरे-धीरे सिगरेट से धुआं छूटने लगा। उस धुएं में लीला का चेहरा नुमाया होने लगा था। हंसती हुई लीला। उसके गालों में डिंपल नहीं पड़ते थे। वही लीला, हाई स्कूल वाली।

## भाजपा की मंथन बैठक में बोले शाह... पार्टी का प्रदर्शन ऐसा हो कि विपक्ष स्तब्ध रह जाए

# 2024 में जीत पर नजर, मोदी ने सौंपा 10% वोट बढ़ाने का जिम्मा

एजेंसी । नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी की नजरें 2024 के लोकसभा चुनाव में 'भारी' जीत हासिल करने पर टिकी हैं और इसके मद्देनजर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संगठन के प्रमुख नेताओं से पार्टी का वोट प्रतिशत 10 प्रतिशत बढ़ाने की दिशा में काम करने को कहा है। सूत्रों ने बताया कि शनिवार को दो दिवसीय मंथन बैठक के समापन के दिन भाजपा के राष्ट्रीय पदाधिकारियों और प्रदेश अध्यक्षों को संबोधित करते हुए गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि भाजपा का प्रदर्शन ऐसा होना चाहिए कि विपक्ष स्तब्ध हो जाए। विपक्षी गठबंधन इंडिया और भाजपा के बीच सीधी लड़ाई की संभावना के बीच प्रधानमंत्री मोदी ने पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं से आगामी लोकसभा चुनाव में 2019 के चुनावों की तुलना में भाजपा के वोट प्रतिशत में 10 प्रतिशत की वृद्धि करने का आह्वान किया। बैठक में अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह पर भी चर्चा हुई। पार्टी को विश्वास है कि चुनाव में यह उसके पक्ष में एक बड़ा मुद्दा होगा। पार्टी के विभिन्न 'मोर्चों' ने चुनाव से पहले अपने आगामी कार्यक्रमों के बारे में विचार रखे।




### 2019 में भाजपा को 37 फीसदी मत मिले

ज्ञात रहे कि साल 2019 के चुनाव में सत्तारूढ़ पार्टी को 37 प्रतिशत से अधिक वोट मिले थे जबकि उसके नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को करीब 45 प्रतिशत वोट मिले थे। साल 2014 में केंद्र में सत्ता में आने के बाद से, भाजपा ने विधानसभा चुनावों में अपने वोट प्रतिशत को 50 प्रतिशत तक बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास किया है और कुछ चुनावों में उसे सफलता भी मिली। शाह ने हाल ही में मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में भाजपा के प्रदर्शन का उल्लेख किया और 50 प्रतिशत वोट हासिल करने के लक्ष्य के लिए राज्य संगठन की सराहना की।

### संगठन की प्रमुखता को किया रेखांकित

सूत्रों ने बताया कि मोदी की तरह शाह ने भी चुनावों में संगठन की प्रमुखता को रेखांकित किया और कहा कि पार्टी को इतनी भारी जीत मिलनी चाहिए कि विपक्ष उसे चुनौती देने से पहले कई बार सोचे।

### महिलाओं, युवाओं, किसानों तक पहुंचें

प्रधानमंत्री ने महिलाओं, युवाओं, किसानों और गरीबों तक पहुंचने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने पार्टीजनों से कहा कि अधिक से अधिक संख्या में इन लोगों को विकसित भारत संकल्प यात्रा से जोड़ें, जिसका उद्देश्य उनकी सरकार की प्रमुख कल्याणकारी योजनाओं को शत प्रतिशत पूरा करना है।

### बूथ समितियों को मजबूत करने को कहा

पार्टी के शीर्ष नेताओं ने अपने भाषणों में भाजपा पदाधिकारियों से हर जगह अपनी बूथ समितियों को मजबूत करने के लिए कहा ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि उसके स्थानीय कार्यकर्ता अधिक से अधिक लोगों तक पहुंच सकें।

### ईडी ने तेजस्वी यादव को नया समन जारी किया



नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय ने रेलवे में नौकरी के बदले जमीन घोटाला मामले में शनिवार को बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को नया समन जारी किया और उनसे पांच जनवरी 2024 को पेश होने को कहा। इससे पहले, ईडी ने तेजस्वी (34) को 22 दिसंबर को पेश होने के लिए कहा था, लेकिन वह पेश नहीं हुए थे। तेजस्वी ने ईडी के नोटिस को नियमित प्रक्रिया बताया था। तेजस्वी के पिता और राजद के प्रमुख लालू प्रसाद यादव को इस मामले में 27 दिसंबर को दिल्ली में ईडी मुख्यालय में पेश होने के लिए कहा गया है। यह कथित घोटाला उस समय का है जब लालू यादव संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन सरकार के पहले कार्यकाल में रेल मंत्री थे।

### छत्तीसगढ़ के CM साय की पीएम मोदी से मुलाकात



नई दिल्ली। छत्तीसगढ़ के नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की और उन्हें भाजपा के चुनावी वादों को पूरा करने के लिए राज्य सरकार द्वारा उठाए जा रहे कदमों से अवगत कराया। प्रधानमंत्री से उनके आवास पर मुलाकात के दौरान साय के साथ राज्य के उपमुख्यमंत्री अरुण साव और विजय शर्मा भी मौजूद थे। सूत्रों ने बताया कि उन्होंने राज्य मंत्रिमंडल के गठन पर भी चर्चा की। साय ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री से छत्तीसगढ़ के विकास, प्रगति और जनहित से जुड़ी विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में विस्तृत चर्चा की।

## कांग्रेस: लोकसभा चुनाव से पहले टीम खरगे में बड़ा बदलाव

# 12 महासचिव व प्रभारी नियुक्त प्रियंका की जगह पांडे UP प्रभारी

एजेंसी । नई दिल्ली

तीन उत्तरी राज्यों में विधानसभा चुनाव में हार के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शनिवार को अपनी टीम में बड़ा बदलाव करते हुए 12 महासचिवों और 12 प्रदेश प्रभारियों की नियुक्ति की। इनमें सबसे प्रमुख नाम प्रियंका गांधी वाड्रा का है जिन्हें महासचिव के तौर पर बरकरार रखा गया है लेकिन फिलहाल उन्हें किसी प्रदेश का प्रभार या कोई अन्य जिम्मेदारी नहीं दी गई है। वह पिछले करीब पांच वर्षों से उत्तर प्रदेश की प्रभारी की भूमिका निभा रही थीं। प्रियंका गांधी के स्थान पर पार्टी महासचिव अविनाश पांडे को उत्तर प्रदेश का नया प्रभारी नियुक्त किया गया है। संगठन महासचिव के.सी. वेणुगोपाल ने यह जानकारी दी है।

कुमारी सैलजा को छत्तीसगढ़ से हटाकर उत्तराखंड के प्रभारी की जिम्मेदारी सौंप गई है। सुखजिंदर सिंह रंधावा राजस्थान के प्रभारी बने रहेंगे। राजसथान के पूर्व उपमंख्यमंत्री सचिन पायलट को पार्टी महासचिव व छत्तीसगढ़ तथा रमेश चेन्निथला को महाराष्ट्र कांग्रेस का प्रभारी नियुक्त किया गया। देवेंद्र यादव को पंजाब और रणदीप सुरजेवाला को कर्नाटक का प्रभार मिला है।

माणिकराव ठाकरे को गोवा की जिम्मेदारी दी गई है। दीपक बाबरिया के पास दिल्ली और हरियाणा का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। जीए मीर झारखंड के प्रभारी महासचिव बने हैं, उन्हें पश्चिम बंगाल का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। दीपा दासमुंशी को तेलंगाना के अतिरिक्त प्रभार के साथ केरल और लक्षद्वीप का महासचिव बनाया गया है। कुमारी शैलजा को उत्तराखंड का प्रभारी महासचिव बनाया गया।



- अविनाश पांडे को यूपी का प्रभार
- वेणुगोपाल बने रहेंगे संगठन महासचिव
- मिलिंद देवड़ा और विजय इंदर सिंघला को संयुक्त कोषाध्यक्ष
- रणदीप सिंह सुरजेवाला अब कर्नाटक के प्रभारी
- कुमारी शैलजा को उत्तराखंड का प्रभार



### तारिक महासचिव पद से मुक्त

खरगे ने अपनी टीम में बदलाव करते हुए चार नए महासचिव नियुक्त किए हैं। इनमें पायलट के अलावा दीपा दासमुंशी, गुलाम अहमद मीर और दीपक बाबरिया शामिल हैं। इन चारों नेताओं में बाबरिया पहले महासचिव रह चुके हैं। तारिक अनवर को महासचिव पद से मुक्त किया गया है। अब अल्पसंख्यक चेहरे के तौर पर जम्मू-कश्मीर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष गुलाम अहमद मीर को महासचिव की जिम्मेदारी दी गई है।

### जयराम रमेश के पास ही रहेगी संचार विभाग की जिम्मेदारी

वेणुगोपाल संगठन महासचिव बने रहेंगे तथा महासचिव जयराम रमेश भी पार्टी की संचार विभाग के प्रभारी की जिम्मेदारी निभाते रहेंगे। अजय माकन पार्टी कोषाध्यक्ष की भूमिका निभाते रहेंगे। उनके साथ दो नेताओं मिलिंद देवड़ा और विजय इंदर सिंघला को संयुक्त कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। रणदीप सिंह सुरजेवाला से मध्य प्रदेश के प्रभार वापस लिया गया है और अब वह सिर्फ कर्नाटक के प्रभारी बने रहेंगे। उनके स्थान पर जितेंद्र सिंह को मध्य प्रदेश के प्रभारी की अतिरिक्त जिम्मेदारी सौंप गई है।

## चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा अनावरण

# यूपी में नहीं दंगा, सब कुछ है चंगा: योगी



एजेंसी । मुरादाबाद/ बिजनौर

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को मुरादाबाद जिले के ढकिया (बिलारी) में पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की 51 फीट ऊंची प्रतिमा का अनावरण करने के बाद 16 प्रगतिशील किसानों को सम्मानित किया। एक आधिकारिक बयान के अनुसार मुख्यमंत्री ने ढकिया में कहा, उत्तर प्रदेश में अब दंगे नहीं होते। यहां सब कुछ चंगा है। बेटियां स्कूल जाती हैं। कानून बिगाड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है।

### तीन राज्यों के जाट मतों पर नजर!

योगी ने कहा कि चौधरी चरण सिंह की जयंती पर हम जाट महासभा और चौधरी चरण सिंह स्मारक समिति को धन्यवाद देते हैं। योगी कहा कि पहले सरकारें आगे होती थीं और समाज पीछे होता था, लेकिन अब चौधरी चरण सिंह स्मारक और जाट महासभा आगे है, सरकार उनके पीछे खड़ी है। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार लोकसभा चुनावों के मद्देनजर भाजपा की नजर पश्चिम उत्तर प्रदेश के जाट मतों पर है। भाजपा जाट समुदाय को पार्टी से जोड़ने का निरंतर प्रयास कर रही है। उत्तरप्रदेश में लोकसभा की 80 सीटें हैं, जिनमें से जाट बाहुल्य 27 सीटें पश्चिम उत्तर प्रदेश में आती हैं। उत्तर प्रदेश के साथ भाजपा की नजर हरियाणा की 10 सीटों पर टिकी हैं। चौधरी चरण सिंह का नाम 2024 लोकसभा चुनाव में 37 सीटों पर फायदा दे सकता है। इसके अलावा 25 लोकसभा सीटों वाले राजस्थान में भी कई सीटें जाट बहुल हैं और चौधरी चरण सिंह के नाम का संदेश वहां तक भी जाता है। पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा ने पश्चिम उत्तर प्रदेश की 19 और हरियाणा की 10 सीटों पर जीत हासिल की थी। । भाजपा फिलहाल अगले चुनाव के लिए उत्तर प्रदेश में 75 प्लस सीट जीतने की योजना बना रही रही है। इसके लिए जरूरी है कि पश्चित उत्तर प्रदेश में 2014 का प्रदर्शन दोहराया जाए, जिसमें बीजेपी ने पश्चिमी यूपी में सभी सीटें जीत ली थीं।

## कांग्रेस की गठबंधन समिति की पहली बैठक में अहम फैसला

# घटक दलों के साथ सीटों के बंटवारे से पहले प्रदेश कांग्रेस नेताओं से होगा संवाद

एजेंसी । नई दिल्ली

कांग्रेस की नवगठित राष्ट्रीय गठबंधन समिति की पहली बैठक शनिवार को यहां हुई जिसमें वर्तमान राजनीतिक स्थिति का जायजा लिया गया और यह फैसला किया गया कि 'इंडिया' गठबंधन के घटक दलों के साथ बातचीत से पहले सीट बंटवारे के संदर्भ में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेताओं के साथ बातचीत की जाएगी। कांग्रेस ने गत 19 दिसंबर को इस समिति का गठन किया था। यह समिति सीट बंटवारे को लेकर सहयोगी दलों के साथ बातचीत करेगी। इस समिति में राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पार्टी के वरिष्ठ नेता सलमान खुर्शीद और मोहन प्रकाश भी शामिल हैं। समिति की पहली बैठक में खुर्शीद को छोड़कर सभी सदस्य मौजूद थे।



कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और समिति के संयोजक मुकुल वासनिक ने शनिवार की पहली बैठक के बाद कहा कि सीट बंटवारे पर फैसला करने के लिए यह समिति अब राज्य के पार्टी नेताओं के साथ बैठक करेगी। उन्होंने कहा, हमने स्थिति का जायजा लिया है। अगले कुछ दिनों में हम प्रदेश कांग्रेस कमेटियों में वरिष्ठ नेताओं के साथ चर्चा करेंगे कि कैसे आगे बढ़ना है, किन सीटों पर चर्चा होनी है। हम उनकी राय लेंगे और फैसला करेंगे। वासनिक ने सीट बंटवारे को लेकर कोई तारीख नहीं बताई। उन्होंने कहा कि निर्णय जल्द लिए जाएंगे।

### सजा के खिलाफ आजम खान की अपील खारिज

रामपुर। रामपुर की एक विशेष अदालत ने समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता आजम खान, उनकी पत्नी एवं बेटे को जन्म प्रमाण पत्र मामले में अधीनस्थ अदालत द्वारा सात-सात वर्ष की कैद सजा सुनाए जाने के फैसले को उचित ठहराते हुए उसके विरुद्ध दायर अपील को खारिज कर दिया।ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी अमरनाथ तिवारी ने बताया कि अपर जिला सत्र न्यायाधीश (सांसद-विधायक अदालत) विजय कुमार ने रामपुर की अधीनस्थ एमपी-एमएलए अदालत द्वारा सुनाए गए फैसले को जायज ठहराते हुए इन लोगों की अपील को खारिज कर दिया।

## गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय में बोले उपराष्ट्रपति

# भारतीय संस्कृति का तिरस्कार करने वाली ताकतों का प्रतिकार किया जाए

एजेंसी । देहरादून

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को कहा कि देश में एक छोटा वर्ग है जिसके मन में भारत की पांच हजार साल पुरानी सांस्कृतिक विरासत के प्रति कोई सम्मान नहीं है। उन्होंने कहा कि भारत की संस्कृति पर गर्व करने वालों को ऐसी ताकतों का प्रतिकार करना चाहिए।

हरिद्वार के गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए धनखड़ ने कहा, इस 'महान देश' में कुछ गुमराह लोग हैं जो हाल के वर्षों में हुई प्रगति को पचा नहीं पा रहे हैं। वे मातृ भाषा में समावेशी शिक्षा नीति के खिलाफ हैं। वह दिन दूर नहीं जब भारत में सारी शिक्षा मातृभाषा में दी जाएगी। यह चिंता का विषय है कि देश में एक वर्ग है जो देश की छवि खराब कर रहा हैं। वे या तो भ्रमित हैं या गुमराह हैं।

उपराष्ट्रपति ने गुरुकुल कांगड़ी (मानित) विश्वविद्यालय को भारतीय राष्ट्रवाद का केंद्र और इसके सांस्कृतिक लोकाचार के सार का प्रतीक बताया।

उन्होंने कहा कि कुछ पश्चिमी विश्वविद्यालय भारत की विकास यात्रा को धूमिल करने में लगे हुए हैं। उपराष्ट्रपति ने विश्वविद्यालय से इसका मुकाबला करने को आह्वान किया।



### विश्वगुरु के लिए वेदों की ओर लौटना होगा

धनखड़ ने कहा, आपके पास वह विद्वता और पांडित्य है जो इस कुत्सित अभियान का मुकाबला कर सकता है। अगर भारत को फिर से विश्वगुरु का दर्जा हासिल करना है तो उसे वेदों की ओर लौटना होगा। उन्होंने कहा कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति देश की सांस्कृतिक जड़ों पर गर्व करने पर आधारित है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि भारत धीरे-धीरे अपनी औपनिवेशिक मानसिकता की बेड़ियों' को तोड़ रहा है।

## हार्वर्ड विश्वविद्यालय के छात्रों के साथ बातचीत में बोले राहुल

# अर्थव्यवस्था बढ़ रही पर धन कुछ लोगों के हाथों में

एजेंसी । नई दिल्ली

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा है कि भारत की अर्थव्यवस्था बढ़ रही है, लेकिन धन कुछ लोगों तक सीमित है और बेरोजगारी की समस्या एक बड़ी चुनौती बनी हुई है। उन्होंने हार्वर्ड विश्वविद्यालय के छात्रों के एक समूह के साथ बातचीत में यह भी कहा कि चुनाव लड़ने के लिए तटस्थ मीडिया, निष्पक्ष कानूनी प्रणाली, निष्पक्ष निर्वाचन आयोग, वित्तीय संसाधन तक पहुंच और तटस्थ संस्थानों की आवश्यकता होती है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने 15 दिसंबर को हुई बातचीत का एक वीडियो शनिवार को 'एक्स' पर साझा किया।



उन्होंने इस बातचीत के दौरान पिछले 10 वर्षों में भारत की आर्थिक प्रगति के बारे में पूछे जाने पर कांग्रेस नेता ने कहा, जब आप आर्थिक विकास के बारे में बात करते हैं तो आपको यह सवाल पूछना होगा कि आर्थिक विकास किसके हित में है। राहुल गांधी का कहना था, सवाल यह है कि विकास किस तरह का है।

### यात्रा लोगों तक संदेश पहुंचाने के लिए

यह पूछे पर कि जनता से संवाद और संपर्क का असर चुनाव नतीजों में क्यों नहीं दिखता तो राहुल गांधी ने कहा, आप एक ऐसे अमेरिका की कल्पना करें जहां आंतरिक राजस्व सेवा, संघीय जांच ब्यूरो का पूर्णकालिक काम विपक्ष को खत्म करने का हो। हम इसी स्थिति में हैं। उन्होंने भारत जोड़ो यात्रा का उल्लेख करते हुए कहा, मैं 4,000 किलोमीटर पैदल इसलिए नहीं चला क्योंकि मुझे अपना संदेश पहुंचाना था, कोई दूसरा रास्ता नहीं था।

## जरूरी खबर

### हिजाब: पाबंदी हटाने पर अभी विचार: सिद्धारमैया

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने शनिवार को स्पष्टीकरण दिया कि सरकार अभी राज्य में शिक्षण संस्थानों में हिजाब पहनने पर लगी रोक को हटाने पर विचार कर रही है और सरकार के स्तर पर विचार-विमर्श के बाद इस पर कोई निर्णय लिया जाएगा। सिद्धारमैया ने यहां संवाददादातों से बातचीत में कहा,हमने अभी ऐसा किया नहीं है। किसी ने मुझसे हिजाब पर रोक हटाने के बारे में सवाल किया था तो मैंने कहा कि सरकार इसे हटाने पर विचार कर रही है। सीएम की तरफ से यह स्पष्टीकरण उनके उस बयान के एक दिन बाद आया है जिसमें उन्होंने कहा था कि शिक्षण संस्थानों में हिजाब पहनने पर कोई प्रतिबंध नहीं है।

### कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम ईडी के समक्ष पेश



**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम 2011 में कुछ चीनी नागरिकों को वीजा जारी करने से जुड़े धनशोधन के एक मामले में शनिवार को प्रवर्तन निदेशालय के समक्ष पेश हुए। ईडी का मामला सीबीआई की शिकायत पर आधारित है। ईडी ने तमिलनाडु की शिवगंगा लोकसभा सीट से सांसद कार्ति चिदंबरम (52) का धन शोधन निवारण अधिनियम के प्रावधानों के तहत बयान दर्ज किया। कार्ति ने पहले कहा था कि ईडी की जांच ऐसे सवालों पर आधारित थी, जिनका मामले से कोई लेना-देना नहीं है उन्होंने दस्तावेज एकत्र करने के लिए और समय मांगा था क्योंकि वह 12 तथा 16 दिसंबर को ईडी के समक्ष पेश नहीं हो सके थे।

### उप्र: रेप मामले में सजायाफ्ता MLA अयोग्य घोषित

**लखनऊ।** सोनभद्र जिले के दुद्धी से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) विधायक रामदुलार गोंड को बलात्कार के एक मामले में सजा सुनाए जाने के बाद उत्तर प्रदेश विधानसभा की सदस्यता से अयोग्य घोषित कर दिया गया है। गोंड को नौ साल पहले एक लड़की से बलात्कार के मामले में हाल में 25 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई गई थी। जनप्रतिनिधित्व कानून के अनुसार, किसी भी जनप्रतिनिधि को दो या उससे अधिक साल की कैद होने पर दोषसिद्धि की तारीख से सदन की सदस्यता से अयोग्य माना जाएगा। इतना ही नहीं सजा पूरी होने के बाद अगले छह साल के लिए वह सदन की सदस्यता के लिए पात्र नहीं होगा।

## हिमाचल प्रदेश के ऊपरी इलाकों में बर्फबारी



*शिमला। हिमाचल प्रदेश के ऊपरी इलाकों में शनिवार को बर्फबारी हुई। रोहतांग में अटल सुरंग के पास, इसके आसपास के इलाकों और लाहौल-स्पीति के केलांग में भी बर्फबारी हुई। फोटो में लाहौल-स्पीति के कोकसर में फैली बर्फ की चादर।*

### वीरेंद्र सिंह भी लौटाएंगे पद्मश्री अवॉर्ड



**नई दिल्ली।** डेफलंपिक्स (मूक बधिर खिलाड़ियों का ओलंपिक) के स्वर्ण पदक विजेता वीरेंद्र सिंह यादव ने भारतीय कुश्ती महासंघ के चुनाव में बृजभूषण शरण सिंह के विश्वस्त संजय सिंह के अध्यक्ष बनने के विरोध में देश के शीर्ष पहलवानों के साथ एकजुटता दिखाते हुए सरकार को अपना पद्मश्री लौटाने का फैसला किया है। गूंगा पहलवान के नाम से मशहूर वीरेंद्र ने ओलंपिक कांस्य पदक विजेता पहलवान साक्षी मलिक और बजरंग पूनिया का समर्थन करते हुए कहा कि वह अपना सम्मान वापस लौटा देंगे। पूर्व डब्ल्यूएफआई प्रमुख बृजभूषण के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के प्रमुख चेहरों में शामिल साक्षी ने डब्ल्यूएफआई चुनावों में संजय सिंह की जीत के तुरंत बाद खेल से संन्यास की घोषणा की थी जबकि बजरंग ने शुक्रवार को अपना पद्मश्री लौटा दिया था।

**उपराज्यपाल ने की सीबीआई जांच की सिफारिश**

# दिल्ली के सरकारी अस्पतालों में नकली दवाओं की हुई आपूर्ति

**एजेंसी** | नई दिल्ली

दिल्ली के उपराज्यपाल वी के सक्सेना ने दिल्ली सरकार के अस्पतालों में गुणवत्ता मानक परीक्षणों में विफल और जीवन को खतरे में डालने की क्षमता वाली दवाओं की कथित आपूर्ति की केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो) से जांच की सिफारिश की है। घटनक्रम पर, दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि पदभार संभालने के बाद उन्होंने खरीदी गई दवाओं के ऑडिट का निर्देश दिया था, लेकिन स्वास्थ्य सचिव ने कोई कार्रवाई नहीं की।

राज निवास के अधिकारियों ने कहा कि मुख्य सचिव नरेश कुमार को लिखे एक नोट में उपराज्यपाल ने उल्लेख किया है कि यह चिंताजनक है कि ये दवाएं लाखों मरीजों को दी जा रही हैं। उपराज्यपाल ने अपने नोट में कहा कि दिल्ली स्वास्थ्य सेवा के तहत केंद्रीय खरीद एजेंसी द्वारा खरीदी गई ये दवाएं दिल्ली सरकार के अस्पतालों को आपूर्ति की गईं।





### मोहल्ला क्लीनिक का मामला पहले ही है सीबीआई के पास

उपराज्यपाल ने कहा कि मोहल्ला क्लीनिक का मामला पहले से ही सीबीआई के पास है। इन क्लीनिक में भी गैर मानक गुणवत्ता वाली दवाओं की आपूर्ति हो सकती है। ऐसे में इसकी भी जांच केंद्रीय एजेंसी को सौंपी जा सकती है, क्योंकि जांच के दायरे में सीपीए-डीएचएस, दिल्ली सरकार, आपूर्तिकर्ताओं, डीलर, अन्य राज्यों के निर्माताओं और एजेंसियों सहित विभिन्न हितधारक शामिल हैं।

### दोषी अधिकारी हो निलंबित: भारद्वाज

'एक्स' पर सिलसिलेवार पोस्ट में स्वास्थ्य मंत्री भारद्वाज ने दोषी अधिकारियों को निलंबित करने की मांग की। पोस्ट में भारद्वाज ने कहा, मैंने 9 मार्च 2023 को पदभार संभाला। सीपीए या अन्य माध्यम से खरीदी गई दवाओं के ऑडिट के लिए 21 मार्च 2023 को निर्देश दिए।

### गंभीर मामला, जांच होनी चाहिए: कांग्रेस

प्रदेश कांग्रेस प्रमुख अरविंदर सिंह लवली ने इस मुद्दे पर एक मेडिकल बोर्ड के गठन की मांग की। उन्होंने कहा इसकी जांच होनी चाहिए...सरकार को एक मेडिकल बोर्ड का गठन करना चाहिए ताकि अन्य दवाओं का भी परीक्षण किया जा सके और दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए

### स्वास्थ्य मंत्री बर्खास्त हो: भाजपा

भाजपा की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने स्थिति के लिए आम आदमी पार्टी नीत सरकार को जिम्मेदार ठहराया। दिल्ली सरकार के अस्पतालों में दी जा रही दवाओं के नमूने फेल हो गए हैं। हम मांग करते हैं कि केजरीवाल अपने स्वास्थ्य मंत्री को तुरंत बर्खास्त करें।

**धनखड़ ने खरगे को फिर लिखा पत्र**

## क्रिसमस पर्व पर अपने घर किया आमंत्रित

**एजेंसी** | नई दिल्ली





उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे को संसद में व्यवधान और विपक्षी सांसदों के निलंबन के मुद्दे पर बातचीत के लिए 25 दिसंबर को अपने आवास पर आमंत्रित किया और कहा कि उनके बार-बार आग्रह के बावजूद शीतकालीन सत्र के दौरान ऐसी बैठक नहीं हो सकी। उन्होंने कहा कि सदन में व्यवधान इरादातन था और रणनीति के तहत था। धनखड़ ने कहा, इस प्रकरण में मुख्य विपक्षी दल की पूर्वनियोजित भूमिका की ओर इंगित करके, मैं आपको लज्जित नहीं करना चाहता, लेकिन जब कभी भी मुझे आपसे बातचीत करने का अवसर लाभ मिलेगा, मैं आपसे वह साझा अवश्य करूंगा। खरगे को पत्र में धनखड़ ने लिखा, हमें आगे बढ़ने की जरूरत है। धनखड़ ने उन्हें 25 दिसंबर को या उनकी सुविधानुसार किसी भी समय पर अपने आवास पर बातचीत के लिए आमंत्रित किया।

## तिरुपति में उमड़े श्रद्धालु



*तिरुपति। वैकुंठ एकादशी के पवित्र अवसर पर शनिवार को तिरुपति जिले में स्थित श्री वेंकटेश स्वामी मंदिर में उमड़े श्रद्धालु।*

**ब्रिटिश विश्वविद्यालयों के अध्ययन में दावा**

## कोविड से उबरने के महीनों बाद भी मस्तिष्क के अंदर सूजन मिली

**एजेंसी** | नई दिल्ली

कोविड-19 संक्रमण से उबरने के महीनों बाद भी कई मरीजों के मस्तिष्क को पहुंची क्षति और उसमें आई सूजन बरकरार पाई गई जबकि इसका पता लगाने के लिए किए गए रक्त परीक्षण के परिणाम सामान्य आए। एक नवीनतम अध्ययन में यह दावा किया गया है। ब्रिटेन स्थित विश्वविद्यालयों के अनुसंधानकर्ताओं के मुताबिक कोरोना वायरस से संक्रमण के सबसे अहम चरण में जब लक्षण तेजी से विकसित होते हैं तब प्रमुख सूजन संबंधी प्रोटीन और मस्तिष्क में जख्म के निशान उत्पन्न होते हैं। अनुसंधानकर्ताओं ने इंग्लैंड और वेल्स के 800 से अधिक अस्पताल में भर्ती मरीजों के नमूनों का विश्लेषण करने के बाद यह निष्कर्ष निकाला है। अनुसंधानकर्ताओं ने 'नेचर कम्युनिकेशंस' नामक जर्नल में प्रकाशित अपने अध्ययन में कहा कि आश्चर्य की बात है कि अस्पताल से छुट्टी मिलने के महीनों बाद भी कोविड -19 के कारण मस्तिष्क को पहुंची क्षति के मजबूत जैव निशान बने रहते हैं। जैव निशान साक्ष्य गंभीर बीमारी के दौरान तंत्रिका तंत्र के ठीक से नहीं काम करने का अनुभव करने वाले रोगियों में अधिक प्रमुखता से देखा गया।




## वीवो-इंडिया के तीन शीर्ष अधिकारी किए गिरफ्तार

**एजेंसी** | नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने चीनी स्मार्टफोन निर्माता वीवो-इंडिया और कुछ अन्य लोगों के खिलाफ जारी धनशोधन के आरोपों की जांच के सिलसिले में कंपनी के तीन शीर्ष अधिकारियों को गिरफ्तार किया है।

आधिकारिक सूत्रों ने शनिवार को बताया कि वीवो-इंडिया के अंतरिम मुख्य कार्यकारी अधिकारी होंग शुक्वान उर्फ टेरी, मुख्य वित्त अधिकारी हरिंदर दहिया और सलाहकार हेमंत मुंजाल को धन शोधन निवारण अधिनियम के प्रावधानों के तहत हिरासत में लिया गया है। संघीय एजेंसी ने पहले इस मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया था जिनमें मोबाइल फोन निर्माता कंपनी लावा इंटरनेशनल के प्रबंध निदेशक हरिओम राय, चीनी नागरिक गुआंगवेन उर्फ एंड्रयू कुआंग, चार्टर्ड अकाउंटेंट नितिन गर्ग और राजन मलिक शामिल हैं। चारों फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं। ईडी ने इन लोगों के खिलाफ हाल ही में दिल्ली की एक विशेष पीएमएलए अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया था जिस पर अदालत ने संज्ञान लिया है।

**आतंकी हमला: सेना का तलाशी अभियान जारी**

# आतंकियों को पाकिस्तान में मिला विशेष प्रशिक्षण

**एजेंसी** | जम्मू

पुंछ जिले के देहरा गली में सैन्य वाहन पर आतंकवादी हमले के तीसरे दिन शनिवार को भी सुरक्षा बलों का आतंकियों के खिलाफ तलाशी अभियान जारी रहा। सेना के जवान घने जंगलों के चलते धीरे-धीरे आगे बढ़ रहे हैं। वहीं, पुंछ और राजौरी जिलों में मोबाइल इंटरनेट सेवाएं बंद की गई है। सूत्रों के अनुसार नियंत्रण रेखा के उस पार आईएसआई और पाकिस्तानी रेंजर्स द्वारा आतंकियों को अधिक से अधिक समय तक जंगलों में गुजारने का विशेष प्रशिक्षण देकर इस पार भेजा जारहा है। पुंछ और राजोरी जिले में हाल में हुई आतंकी घटनाएं इसी ओर इंगित कर रही हैं। आतंकियों को जंगलों में बनी छोटी-छोटी प्राकृतिक गुफाओं या बरसाती नालों में पत्थरों की ओट में किस प्रकार समय बिताना है, इसका प्रशिक्षण दिया जाता है। ऐसा करने के पीछे का आतंकियों का मकसद क्षेत्र के लोगों से दूरी बनाए रखना है, जिससे उनकी मौजूदगी का कम से कम लोगों को पता चल पाए।



### मृत मिले 3 लोगों के परिजनों को मुआवजा और नौकरी की घोषणा

इस बीच, जम्मू कश्मीर प्रशासन ने उन तीन लोगों के परिजनों को शनिवार को मुआवजा और नौकरी देने की घोषणा की, जो पुंछ जिले में मृत पाए गए थे। पुंछ जिले में 27 से 42 वर्ष की आयु के तीन लोग शुक्रवार को 'रहस्यमय परिस्थितियों' में मृत पाए गए थे। सेना ने कहा है कि इन लोगों की मौत के मामले की जांच में वह पूरा सहयोग करेगी। मरने वालों के परिजनों एवं राजनीतिक नेताओं ने आरोप लगाया कि गुरुवार को घात लगा कर हुये हमले के सिलसिले में जिन आठ लोगों को सेना ने पकड़ा था, वे तीनों उनमें शामिल थे। उनका यह भी आरोप है कि चार लोगों को प्रताड़ित किए जाने के बाद एक सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अधिकारियों ने कहा कि चूंकि तलाश अभियान जारी है और स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है, एहतियात के तौर पर पुंछ और पड़ोसी राजौरी जिले में मोबाइल इंटरनेट सेवाओं को निलंबित कर दिया है।

### घुसपैठ की बड़ी कोशिश नाकाम, आतंकी ढेर

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर की शीतकालीन राजधानी जम्मू में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर तैनात सुरक्षाबलों ने शनिवार तड़के वहां घुसपैठ की एक बड़ी कोशिश को नाकाम करते हुए एक आतंकवादी को मार गिराया। अधिकारियों के मुताबिक, जम्मू में अखनूर के खौर सेक्टर में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास शनिवार तड़के भारी हथियारों से लैस चार आतंकवादियों के एक समूह को सुरक्षाबलों ने भारतीय क्षेत्र की ओर घुसपैठ की कोशिश करते हुए देखा। सुरक्षाबलों ने आतंकवादियों पर गोलीबारी की और उनमें से एक आतंकवादी को मार गिराया। सेना की जम्मू स्थित 'व्हाइट नाइट कोर' ने कहा कि 22 और 23 दिसंबर की दरमियानी रात निगरानी उपकरणों के माध्यम से आतंकवादियों की संदिग्ध गतिविधि को देखा गया था।

**संसद की सुरक्षा सेंध मामला:**

## महेश कुमावत की पुलिस हिरासत पांच तक बढ़ाई

**एजेंसी** | नई दिल्ली

दिल्ली की एक अदालत ने संसद सुरक्षा चूक मामले के आरोपी महेश कुमावत की हिरासत शनिवार को पांच जनवरी तक के लिए बढ़ा दी। विशेष न्यायाधीश हरदीप कौर ने दिल्ली पुलिस की अर्जी पर आरोपी कुमावत की हिरासत अवधि बढ़ा दी।

पुलिस ने अदालत को बताया कि पूरी साजिश का पता लगाने के लिए उससे पूछताछ की जरूरत है। अभियोजन ने अदालत से पहले कहा था कि आरोपी देश में अराजकता फैलाना चाहता था ताकि वे सरकार को उनकी अवैध और अनुचित मांगों को मानने के लिए मजबूर कर सकें। हमले के पीछे के वास्तविक कारण और दुश्मन देश तथा आतंकवादी संगठनों के साथ उसके संबंध का पता लगाने के लिए हिरासत की आवश्यकता है। कुमावत को सबूत नष्ट करने और आपराधिक साजिश रचने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। दिल्ली पुलिस के मुताबिक, कुमावत गुरुवार रात सह-आरोपी ललित झा के साथ थाने आया था और दोनों को विशेष प्रकोष्ठ को सौंप दिया गया था। पुलिस ने बताया कि तब से उससे पूछताछ की जा रही है। वह 'भगत सिंह फैन क्लब' पेज का सदस्य था जिसे अब हटा दिया गया है।

## जेजेएस: नवरतन कोठारी को लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड

# मलाइका के ग्लैमर के बीच जयपुर में देश भर के ज्वेलर्स सम्मानित






**बेधड़क.जयपुर।** बॉलीवुड ग्लैमर मलाइका अरोड़ा के रूप में गुलाबी नगरी के मंच पर था और टैलेंट को अवॉर्ड देकर मोटिवेट किया। वहीं, लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड भी दिए गए। यह नजारा था इंडियन जूलर पत्रिका द्वारा अपनी तरह के अभिनव जेजेएस-इंडियन जूलर डिजाइन अवॉर्ड्स-2023 का, जिसमें मलाइका ने शिरकत की। इस मौके पर नवरतन कोठारी को रत्न और आभूषण व्यापार में उत्कृष्ट योगदान के लिए लाइफ टाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता के लिए पूरे देश के आभूषण निर्माताओं, खुदरा विक्रेताओं व डिजाइनरों ने विभिन्न श्रेणियों व मूल्य वर्ग में अपनी प्रतिभागी डिजाइन समीक्षा और चयन के लिए प्रस्तुत की। प्रतियोगियों ने 95 श्रेणियों में सर्वश्रेष्ठ डिजाइन प्रस्तुत किए, जिनमें से 1000 से अधिक प्रविष्टियां अंतिम रूप से चयन के लिए गईं। निर्णायक मण्डल ने इनमें से 15 प्रविष्टियां पुरस्कार के लिए चयनित कीं।



फोटो: पंकज शर्मा



### 60वें वर्ष को किया सेलिब्रेट

इंडियन जूलर पत्रिका के प्रकाशक व सम्पादक आलोक काला ने कहा कि इस वर्ष हम अपने प्रकाशन का 60वां वर्ष मना रहे हैं और यह और भी अच्छा रहा, कि समारोह को जयपुर में आयोजित किया गया।

### इस तरह रहे विजेता

अबरान टाइमलेस जूलरी बैंगलूरू-टेम्पल जूलरी के लिए, मेहता एम्पोरियम जूलर्स मुम्बई-बेस्ट ब्राइडल डिजाइन-गोल्ड व स्टेटमेंट जूलरी ज्वेलरी में नारायण जूलर्स बड़ौदरा, बेस्ट ब्रेसलेट डिजाइन में बिरधीचन्द घनश्यामदास जूलर्स जयपुर व सी. कृष्णा चैटी ग्रुप ऑफ जूलर्स बैंगलूरू- बेस्ट नैक्लेस डिजाइन श्रेणी, टी. जे. इम्पैक्स मुंबई - डायमंड जूलरी में विजेता रहे।

## 1973 का टैलेंट होगा मंच पर



**बेधड़क. जयपुर।** एमएनआईटी जयपुर एल्यूमिनी एसोसिएशन की ओर से 25 दिसम्बर को संस्थान के सेंट्रल लॉन में एल्यूमिनी डे मनाया जाएगा। एसोसिएशन अध्यक्ष देवराज सोलंकी ने बताया कि इस मौके पर वर्ष 1973 में संस्थान में प्रवेश लेने वाले पूर्व छात्रों की गोल्डन जुबली मनाई जाएगी। साथ ही 1999 बैच के आर्किटेक्ट ब्रांच के पास आउट और 1998 बैच के अन्य ब्रांच के पास आउट पूर्व छात्रों की सिल्वर जुबली सेलिब्रेट होगी। सम्मान समारोह में एमएनआईटी के निदेशक एन. पी. पाढ़ी मुख्य अतिथि होंगे। इसके लिए एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें देवराज सोलंकी ने बताया कि इस अवसर पर एमएनआईटी के डीन (एल्यूमिनी अफेयर्स) प्रो. राकेश जैन के हाथों पूर्व छात्रों को मोमेन्टों देकर सम्मानित किया जाएगा। समारोह में शामिल होने के लिए गोल्डन जुबली बैच के कुल 80 पूर्व छात्र परिवार के साथ आएंगे।

## राग अनुराग में शास्त्रीय गायन



**बेधड़क. जयपुर।** शास्त्रीय गायन की प्रस्तुतियों से कला प्रेमी रोमांचित हो उठे। मौका रहा नेट-थिएट कार्यक्रमों की श्रृंखला में राग अनुराग कार्यक्रम के तहत दौलत सिंह की परफॉर्मेंस का, जिसमें शास्त्रीय गायन खास रहा। राजेन्द्र शर्मा ने बताया कि दौलत सिंह ने शुरुआत राग श्याम कल्याण में विलंबित ख्याल की रचना दासी थारी जन्म जन्म री से की। उन्होंने राग जोग में छोटा ख्याल की एक बंदिश साजन मोरे घर आवे... इसके बाद छोटा ख्याल में राग श्याम कल्याण की एक रचना आनंद की तरंग सुनाकर दर्शकों पर अपनी छाप छोड़ी।

## गीता क्लास के लिए रजिस्ट्रेशन



**बेधड़क. जयपुर।** मानसरोवर स्थित सामुदायिक अग्रसेन भवन में गीता जयंती मनाई गई। इसके लिए सभी साधकों ने निर्धारित पोशाक में अग्रसेन भवन से शिप्रा पथ और मध्यम मार्ग पर होते हुए लगभग 2 किलोमीटर तक नगर संकीर्तन किया और गीता का प्रचार किया। गीता से संबंधित प्रश्नोत्तरी नीलू गुप्ता की ओर से कराई गई। गीता में अर्जुन द्वारा भगवान की स्तुति से कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। इस मौके पर भागवत गीता के भावों पर चर्चा की गई, जिसमें उपस्थित साधक भाव-विभोर हो गए। विशेष कर महिलाओं और बच्चों गीता के भाव बहुत सरल और सरस लगे। इस मौके पर 500 से अधिक साधकों की उपस्थिति रहे। इस मौके पर गीता परिचय अभियान के तहत चलाई जा रही 51 गीता क्लास के लिए 100 से अधिक रजिस्ट्रेशन किए गए।

## City इवेंट्स

### कैला देवी की 15वीं यात्रा रवाना



**बेधड़क. जयपुर।** जयपुर के मोती नगर वार्ड 58 से श्री कैला देवी की 15वीं यात्रा रवाना हुई, जिसमें भक्तों ने उत्साह से भाग लिया। सुबह 7:30 बजे मोती नगर क्वींस रोड से यात्रा रवाना हुई। मुख्य अतिथि वार्ड पार्षद इंद्र प्रकाश धाभाई व समाजसेवी नरेंद्र सिंह राठौड़ ने मां की पूजा-अर्चना कर यात्रा को रवाना किया। कार्यक्रम में सुरेश यादव, दीपेंद्र बिष्ट, अरविंद सिंह, सुरेंद्र राव, नितिन जांगिड़, दौलत सैनी, सन्नी शर्मा आदि के साथ वार्ड के लोगों और पदाधिकारियों ने कार्यक्रम की व्यवस्था संभाली।

### संता के साथ बच्चों का उत्साह



**बेधड़क. जयपुर।** ओपन एयर में बच्चों ने मम्मियों के साथ क्रिसमस सेलिब्रेट किया तो हर कोई उनकी नन्हीं अदाओं को देखता रह गया। मौका था श्रृद्धा रावत की ओर से टॉडलर टाइम का, जिसमें टॉडलर्स और उनके परिवार के लिए क्रिसमस डे फन मीटअप का आयोजन किया गया। श्रद्धा ने बताया कि इवेंट में संता क्लॉस, पपेट शो, क्रिसमस ट्री और डांस खास था।

### DPTL में हुए रोमांचक मुकाबले



**बेधड़क. जयपुर।** मेडिकोज सोशल वेलफेयर सोसायटी के तत्वाधान में जय क्लब जयपुर में चल रही डॉक्टर्स प्रीमियर टेनिस लीग (डीपीटील) में रोमांचक मुकाबले हुए। ऑर्गेनाइजिंग चेयरमैन डॉ. अनिल यादव ने बताया कि प्रतियोगिता में मलंग युगल में डॉ. सतीश और डॉ. संदीप ने डॉ. राकेश और डॉ. सुनील को 6-3 से हराया। एक अन्य मुकाबले में डॉ. सुनील दत्त और डॉ. मधु ने डॉ. रजत और डॉ. लोकेन्द्र को 6-3 से हराया। लीग कॉर्डिनेटर डॉ. सचिन खट्टर ने बताया कि दबंग मुकाबले में डॉ. सुधांशु-डॉ. अक्षय और डॉ. पुनीत और डॉ. निशांत ने मुकाबले जीत कर सेमीफइनल में अपना स्थान पक्का किया। लीग संयोजक डॉ. हरीश भारद्वाज ने बताया कि दबंग सिंगल्स में डॉ. पुनीत ने डॉ. अजय को 6-4 से हराया। मलंग सिंगल्स में डॉ. वेंकतेश ने डॉ. नीरज को 6-4 से हराया। लीग कोऑर्डिनेस्टर डॉ. रजत मालोट ने बताया कि प्रथम बार टेनिस ट्राइओ मुकाबले में डॉ. निशांत / डॉ. केडिया / डॉ. रणजीत ने डॉ. नरेंद्र/ डॉ. अंकित / डॉ. नीरज की ट्राइओ टीम को रोमांचक मुकाबले में 21-19 से हराया।

## नाटक 'विद लव आपकी सैयारा' का मंचन

# मंच पर जीवंत हुई सिंगल वुमन की जिंदगी की जद्दोजहद



**बेधड़क | जयपुर**

समाज में रहने वाली सिंगल वुमन के हालातों, जीवन के संघर्ष, उतार चढ़ाव और लाइफ में आगे बढ़ने के दौरान आने वाली चुनौतियों के हर पहलू को मंच से जीवंत किया गया। ऐसे में धीरे-धीरे कहानी आगे बढ़ी और संदेश आते गए। मौका था जवाहर कला केंद्र में कला संसार मधुरम में साहित्य, संगीत और रंगमंच के उत्सव में जूही बब्बर सोनी निर्देशित नाटक 'विद लव आपकी सैयारा' के मंचन का, जिसमें जूही ने समाज में रहने वाली सिंगल वुमेन के हालातों को दर्शाया। कहानी ने दर्शकों को भावुक किया तो हंसी की चुटकियां छोड़ते हुए गुदगुदाया भी। जूही बब्बर सोनी ने सैयारा, नेहा ने बीना दी और अचिंत मारवाह ने हरजीत का किरदार निभाया। नाटक में मुंबई शहर की आधुनिक एकल महिला की जिंदगी में चल रही जद्दोजहद को पेश किया गया, जहां हर दूसरा आदमी उसे तकलीफ देता है। विद लव आपकी सैयारा का यह 82वां और राजस्थान में दूसरा शो रहा। लंदन में भी इसके 5 शो हो चुके हैं, जिसने इंटरनेशल छाप छोड़ी।

## जैन सोश्यल ग्रुप मेट्रो की धार्मिक यात्रा रवाना

# यात्रा दल करेगा अहिंसा और शाकाहार का प्रचार-प्रसार




**बेधड़क | जयपुर**

जैन सोश्यल ग्रुप मेट्रो जयपुर के बैनर तले 3 दिवसीय धार्मिक यात्रा दल भगवान महावीर के जयकारों के साथ रवाना हुआ। ग्रुप अध्यक्ष चेतन जैन निमोड़िया व सचिव आशीष जैन ने बताया कि संस्थापक अध्यक्ष विनोद-दीपिका जैन कोटखावदा व अध्यक्ष चेतन जैन निमोड़िया के नेतृत्व में प्रतापनगर के हल्दी घाटी गेट से रवाना हुए। दल को युवा समाज सेवी नितिन बनेठा, अतुल मंगल लवली, अंकित-दिव्या बाकलीवाल व समाज के श्रेष्ठीजनों ने जैन ध्वज दिखाकर रवाना किया।

जैन के मुताबिक ग्रुप पदाधिकारियों सहित यात्रा दल के संयोजक मुकेश-शिल्पा पाटनी, नरेश- नीतू बाकलीवाल, सुशील-कविता जैन व सह संयोजक और नितेश-मीनू जैन, पवन-निशु जैन का माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। संयोजक मुकेश पाटनी व नरेश बाकलीवाल के मुताबिक दल यात्रा के दौरान भगवान महावीर के सिद्धांत जीओ और जीने दो सहित अहिंसा, शाकाहार का प्रचार-प्रसार करेगा।

**क्रिएटिव हार्ट** जवाहर कला केन्द्र की अलंकार कला दीर्घा में दिखी 6 राज्यों की कला

# गुलाबी फिजा में नारी शक्ति ने बिखेरे कई राज्यों के रंग

**बेधड़क | जयपुर**

गुलाबी नगर का कला फलक एक बार फिर देश के छह राज्यों के कलाकारों की चित्रकला से रोशन हो उठा। रंगों का ये संगम जवाहर कला केन्द्र की अलंकार कला दीर्घा में देखने को मिल रहा है।

मौका है यहां शुरू हुए 3 दिवसीय नेशनल आर्ट शो 'क्रिएटिव हार्ट' के आयोजन का, जहां आसाम, गुजरात, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, तेलंगाना और राजस्थान के चुनिंदा 15 कलाकारों की कृतियां प्रदर्शित की गई हैं। आर्ट शो का उद्घाटन वरिष्ठ चित्रकार कमला पंवार और अभिनेत्री पूजा शर्मा ने किया। कोपल सिंह, डॉ. देवेन्द्र सिंह, डॉ. मुकेश दीक्षित और डॉ. अर्चना दीक्षित विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे।



### कला से ब्रह्मांड की अनंत यात्रा

यहां प्रदर्शित कृतियों में कहीं योग से ब्रह्मांड की अनंत यात्रा, कहीं सुख-दुख में इंसान का साथ देने वाले गुलाब के फूलों का सौंदर्य तो कहीं नारी के सौन्दर्य का अक्स कैनवास पर देखने वालों को कुछ पल ठहरने को मजबूर कर रहा था। पूरी कला दीर्घा में 150 से अधिक कृतियां सजी हैं।

### योग थीम से कई संदेश

एग्जीबिशन की थीम 'योग' थी। अंधकार को दूर करता योग, शांति की खोज में योग तो कहीं प्रकृति के साथ खुशी बांटता योग। पुणे से हिस्सा बनने आई गायत्री कुलकर्णी ने बताया कि मुझे कला में अलग-अलग प्रयोग करना बहुत अच्छा लगता है। अपनी कृति में ब्रह्मांड को दर्शाते हुए उन्होंने कहा कि पूरे ब्रह्मांड में हम एक मात्र छोटा-सा कण है, जिसका कोई अंत है ना ही आरंभ। उनकी कृतियों का मुख्य आधार आदिनाथ शिव रहा।

### कला को दिशा देती शांति की खोज

बुद्ध की शरण में आए श्रमण (साधु) को कला से बड़ी शिद्दत से कैनवास पर उतारा। इस कृति में मोक्ष के लिए भगवान बुद्ध की काया में विलीन होते श्रमण का अक्स देखने योग्य है। हर कृति में मेडिटेशन के जरिए शांति की खोज नजर आई। लीना का कहना है कि उनकी कला को ये शांति की खोज हर बार नई देती है। महाराष्ट्र की नीना बीडीकर ने बताया, प्रकृति हमेशा ही मेरे करीब रही। फूलों से प्यार उनके लिए एक साधना है।

### ये कलाकार हुए शामिल

मृणाल दास आसाम, परिमल वाघेला अहमदाबाद, महाराष्ट्र से नीना बिडीकर, लीना कुलकर्णी, गायित्री कुलकर्णी, रचना शाह, कांता सिंह, स्वप्निल प्रमोद, चेन्नई से रेणु छोटरिया, श्रेयसी डे, तेलंगाना से गोर्थी अरुण कुमार, चंद्रशेखर देशपांडेय और जयपुर से मधु सैनी, डॉ. प्रशान्त शर्मा और नीरव कुलश्रेष्ठ 'इनसेन' अपनी कृतियों के साथ मौजूद हैं।



जो निःशुल्क है वही सबसे ज्यादा कीमती है, नींद, शांति-आनंद, हवा-पानी और सबसे ज्यादा हमारी सांसें

**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप



हमले में एक ही परिवार के 76 लोगों की मौत

# गाजा पर इजराइल की एयर स्ट्राइक

**एजेंसी** | राफाह (गाजा पट्टी)

इजराइली सेना की ओर से गाजा में किए गए हवाई हमले में एक ही परिवार के 76 सदस्य मारे गए हैं। राहत एवं बचाव अभियान से जुड़े अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी।

इससे एक दिन पहले, संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने फिर चेतावनी दी है कि गाजा में अब कोई भी जगह सुरक्षित नहीं है और इजराइल के लगातार हमले लोगों को मानवीय सहायता पहुंचाने में बड़ी बाधाएं पैदा कर रहे हैं।गाजा के नागरिक सुरक्षा विभाग के प्रवक्ता महमूद बासल ने कहा कि गाजा शहर में एक इमारत पर हमला इजराइल-हमास युद्ध के सबसे घातक हमलों में से एक था। यह युद्ध बीते 12 सप्ताह से जारी है। महमूद बासल ने इस हमले में मारे गए लोगों के नामों की एक आंशिक सूची प्रदान की। इसमें अल-मुगराबी परिवार के 16 घरों के मुखिया भी शामिल हैं। मृतकों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं।

### अब तक 20 हजार की मौत

चरमपंथी समूह हमास को खत्म करने के लिए गाजा में इजराइल की ओर से शुरू किए गए युद्ध में अब तक 20,000 से अधिक फिलिस्तीनी नागरिकों की मौत हो गई। इस बीच, इजराइल ने गाजा में हमले और तेज कर दिए हैं तथा लाखों लोगों को अपना घर छोड़कर सुरक्षित जगह पर जाने के लिए कहा गया है। इजराइल का हवाई और जमीनी आक्रमण हाल के इतिहास में सबसे विनाशकारी सैन्य अभियानों में से एक रहा है, जिसके परिणामस्वरूप गाजा की 23 लाख की आबादी में से 85 प्रतिशत लोगों को सुरक्षित स्थानों पर शरण लेने के लिए मजबूर होना पड़ा है। संयुक्त राष्ट्र और अन्य एजेंसियों की ओर से जारी की गई एक रिपोर्ट के अनुसार गाजा में पांच लाख से अधिक लोगों को भुखमरी का सामना करना पड़ रहा है।






दीवारों पर लिखे खालिस्तान समर्थक व भारत विरोधी नारे

# कनाडा के बाद अमेरिका में हिंदू मंदिर से छेड़छाड़

**एजेंसी** | न्यूयॉर्क

कनाडा के बाद अब अमेरिका में हिंदू मंदिर से छेड़छाड़ की घटना सामने आई है। कैलिफोर्निया के नेवार्क शहर में हिंदू मंदिर की बाहरी दीवारों पर भारत विरोधी और खालिस्तान समर्थक नारे लिखे गए हैं। हिंदू अमेरिकन फाउंडेशन की ओर से एक्स पर कुछ तस्वीरें शेयर की गईं।

इनमें स्वामीनारायण मंदिर वासना संस्था की दीवारों पर भारत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ घृणित नारे लिखे गए। मारे गए खालिस्तानी आतंकवादी का नाम भी दीवारों पर लिखा है। हिंदू अमेरिकन फाउंडेशन ने एक्स पर कहा कि खालिस्तान आतंकवादी सरगना का जिक्र है जिसने हिंदुओं को निशाना बनाया। फाउंडेशन ने नेवार्क पुलिस से इस घटना की जांच हेट क्राइम के तौर पर करने की अपील की है। पुलिस ने गहन जांच का आश्वासन दिया।



### भारत ने की निंदा

अमेरिका में हिंदू मंदिर पर हुए हमले की भारत ने निंदा करते हुए विरोध दर्ज कराया है। सैन फ्रांसिस्को में भारतीय वाणिज्य दूतावास ने शनिवार को कैलिफोर्निया के नेवार्क शहर में स्वामीनारायण मंदिर की दीवारों पर भारत विरोधी और खालिस्तान समर्थक पेंटिंग की घटना की निंदा की है। दूतावास ने कहा है कि इस घटना ने भारतीय समुदाय की भावनाओं को आहत किया है। इसके साथ ही इस मामले की त्वरित जांच और आरोपियों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई का भी आह्वान किया है।

### अब बदल चुका है भारत: जयशंकर

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत पिछले 10 सालों में बदल चुका है और अब ईंट का जवाब पत्थर से देने की नीति पर बढ़ रहा है। अमेरिका में हिंदू मंदिर में हुई तोड़फोड़ पर उन्होंने कहा कि किसी भी देश में आतंकियों, अलगावादियों के लिए कोई जगह नहीं होनी चाहिए। हमारे कॉन्सुलेट ने यह मामला अमेरिकी सरकार के सामने उठाया है। इस मामले की जांच की जा रही है।

## 50 लाख का इनामी TTP कमांडर ढेर

**लाहौर।** पाकिस्तान में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) का एक प्रमुख कमांडर मारा गया, जो पंजाब प्रांत में आईएसआई भवन पर घातक हमले सहित कई आतंकी हमलों में शामिल था। आतंकवाद रोधी विभाग (सीटीडी) ने एक बयान में कहा कि उसे गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ आतंकवादी प्रांतीय राजधानी लाहौर से लगभग 200 किलोमीटर दूर चिनिओट इलाके में छिपे हुए हैं।

सीटीडी ने पुलिस के साथ मिलकर शनिवार तड़के संबंधित ठिकाने पर छापा मारा। इसने कहा, 'जब पुलिस ने ठिकाने को घेर लिया तो आतंकवादियों ने उन पर गोलीबारी शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई की गई और गोलीबारी के दौरान दो आतंकवादी मारे गए।'आतंकवादियों में से एक की पहचान गजनफर नदीम उर्फ खालिद हबीब के रूप में हुई है। उस पर पचास लाख रुपए का इनाम था।






पाकिस्तान चुनाव आयोग ने दिया बड़ा झटका

# इमरान से छीना चुनाव चिह्न बल्ला

**एजेंसी** | इस्लामाबाद

पाकिस्तान चुनाव आयोग ने पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ से उसका प्रतिष्ठित 'बल्ला' चुनाव चिह्न छीन लिया है, जो इसके संस्थापक इमरान खान के पूर्व क्रिकेट जीवन को दर्शाता है। अपने फैसले की घोषणा करते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त सिकंदर सुल्तान राजा की अध्यक्षता वाली पांच सदस्यीय ईसीपी पीठ ने पीटीआई के अंतर-पार्टी चुनावों को गैरकानूनी घोषित किया है।

आयोग ने पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के पूर्व सदस्य अकबर एस बाबर की याचिका पर यह फैसला दिया। इसमें दावा किया था कि पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ ने नियमों के अनुरूप चुनाव नहीं कराया था। यह पूर्व सत्ताधारी पार्टी के लिए एक बड़ा झटका है, क्योंकि वह 8 फरवरी को चुनाव होने हैं। पीटीआई के संस्थापक इमरान पहले से ही सलाखों के पीछे हैं और उनकी रिहाई जल्द होती नहीं दिख रही है। पाकिस्तान चुनाव आयोग ने आदेश में कहा कि पीटीआई ने हमारे निर्देशों का पालन नहीं किया है और प्रचलित संविधान, 2019 और चुनाव अधिनियम, 2017 और चुनाव नियम, 2017 के अनुसार अंतर-पार्टी चुनाव कराने में विफल रही।



### कोर्ट में चुनौती दे सकती है पीटीआई

आयोग के निर्णय के बाद जेल में बंद इमरान खान के करीबी सहयोगी गौहर खान ने पीटीआई के अध्यक्ष के रूप में नियुक्ति के कुछ ही दिन अपना यह पद खो दिया। पाकिस्तान चुनाव आयोग के फैसले के बाद पीटीआई या तो इसे उच्चतम न्यायालय में चुनौती दे सकती है या फिर अपने उम्मीदवारों को निर्दलीय के तौर पर चुनाव में उतार सकती है। यह किसी अन्य पार्टी के साथ गठबंधन भी कर सकता है ताकि उसके उम्मीदवार चुनावों में उस पार्टी के चिह्न का उपयोग कर सकें।


सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl